तापमान

अधिकतम 38.9 डिग्री

न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026



12 टाउनशिप के जर्जर हो चुके इस्पात क्लबों के ...





13 किसानों के रेलवे परियोजना के सवालों ...






### समोदा में अफीम की खेती के खुलासे के बाद पूरे जिले में आरआई और पटवारी करेंगे सर्वे

# तीन हजार से अधिक जगहों पर रेगहा में खेती, फार्म हाउस भी चल रहे, वहां क्या हो रहा प्रशासन को पता ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

समोदा और झेंझरी में अफीम की खेती मिलने के बाद जिले के बड़े-बड़े खेत और फार्म हाउस संदेह के दायरे में आ गए हैं। प्रशासन के अनुमान के मुताबिक जिले में करीब 3 हजार जगहों पर रेघा में खेती की जा रही है। फार्म हाउस का संचालन किया जा रहा है। इसमें अधिकांश जगहों पर हरियाणा, गुजरात, यूपी और राजस्थान से लोग आकर रेघा में जमीन ले रहे हैं और कारोबार कर रहे हैं।

खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश लोगों का सत्यापन तक पुलिस ने नहीं किया है। उनके बारे में कही कोई जानकारी नहीं है। कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उनके संपर्क में जरूर हैं, लेकिन इन खेतों में क्या कुछ हो रहा है, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। अब प्रशासन ऐसे सारी जगहों का सर्वे कराएगी। उनके बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। आशंका जताई गई है कि जिले के कई हिस्सों में आपत्तिजनक और प्रतिबंध के बावजूद भी कुछ फसलें उगाई जा रही हैं। पाकिस्तान से लेकर अरब कंट्री में सब्जियां पहुंचाई जा रही है। दुर्ग जिले के धमधा और अहिवारा क्षेत्र के कई गांव इसके दायरे में हैं। खेतों और फार्म हाउस की चेकिंग तहसीलदार, आईआई, पटवारी करेंगे। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने क्षेत्र के उक्त अधिकारियों को निर्देश जारी किया है।

**सोमवार को समोदा में अफीम के पौधों को उखाड़ने के लिए स्थानीय मजदूरों को काम पर लगाया गया**



### लीज धारकों की भी होगी जांच, आज से पहुंचेगी टीम

बाहर से आकर जिले में फार्म हाउस और खेत लीज में लेकर काम करते हैं। उन मालिकों पर भी जल्द पुलिस का शिकंजा कसा जाएगा। उक्त खेतों में टमाटर, ड्रेगन फ्रूट, कपास समेत कई खाने के फल बोए जाते है। यहां का टमाटर खेतों से पाकिस्तान भी जाता है। कलेक्टर के फरमान के बाद इस तरह के कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसता दिख रहा है। अब दिगर राज्यो में आकर काम करने वालों को अपनी सारी जानकारी जांच में दिखाना अनिवार्य हो गया है। लोकल थानों को अपनी सही जानकारी के दस्तावेज की छाया प्रति देना होगा। यह सुरक्षा के लिए ही नियम बनाए गए है।

### पुलिस ने विकास के घर से सात बोरी डोडा किया जब्त

पुलिस ने सोमवार को सात बोरी डोडा भी जब्त किया है। इसे लेकर पुलिस कोई भी जानकारी नहीं दे रही है। डोडा कितने का है, इस बारे में खुलासा नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि विकास विश्नोई के घर से यह डोडा जब्त किया गया है। आरोपी विनायक ताम्रकर, विकास विश्नोई, मनीष ठाकुर से पुलिस ने पूछताछ की है। इसे लेकर पुलिस कुछ भी उजागर नहीं कर रही है। पुलिस की मानें तो उनका कहना है कि जांच के बाद ही सारी जानकारी अवगत कराया जाएगा।दो आरोपी श्रवण, अचला राम जाट की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। एक पुलिस टीम राजस्थान भी रवाना होने की जानकारी मिल रही है।

### सर्वे के लिए अधिकारियों को किया गया निर्देशित



पटवारी, आरआई, कोटवार को निर्देशित किया गया है। इस तरह के खेत फार्म हाउसों की भी चेकिंग किया जाएगा। क्षेत्र के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। तथ्यों की जांच के लिए कहा गया है।

-अभिजीत सिंह, कलेक्टर दुर्ग

### कांग्रेस का अल्टीमेटम, रैकेट का नहीं किया भंडाफोड़ तो करेंगे उग्र आंदोलन, 12 को भाजपा कार्यालय का करेगी घेराव



**दुर्ग।** समोदा में अफीम की खेती के खुलासे के बाद कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। जिले के तीनों जिला संगठनों दुर्ग शहर जिला, ग्रामीण और भिलाई जिला संगठन ने संयुक्त रूप से इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग है। उन्होंने इस मामले में प्रशासन की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा किया है। अध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल और मुकेश चंद्राकर ने कहा कि शुरुआत से ही मामले में लापरवाही बरती गई। पहले दिन यानी 5 मार्च को जब पुलिस चौकी में शिकायत की गई तो, कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब स्थानीय सरपंच अरुण गौतम ने एलआईबी को जानकारी दी, तब उच्च अधिकारियों तक पूरा मामला पहुंचा। इसके बाद 6 मार्च को कार्रवाई शुरू की गई। जेवरा प्रभारी ने लापरवाही बरती। उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में भाजपा के बड़े नेताओं की संलिप्तता है। इसके विरोध में 12 मार्च को दुर्ग भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। राकेश ठाकुर ने कहा कि स्थल का अवलोकन किया गया है, नदी के अंतिम छोर तक अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। मक्का और ज्वार की आड़ में अफीम की फसल लगाई गई थी। पहले आरआई ने 10 एकड़ में खेती की जानकारी दी गई, बाद में 5 एकड़ 62 डिसमिल बताया गया। अफीम के फल में चिट्टा लगा हुआ था, यानी एक से दो दिन पहले भी इसे निकाला गया। पुलिस जो चौक-चौराहों में चालानी कार्रवाई में व्यस्त है, उन्हें इतने बड़े रैकेट की जानकारी कैसे नहीं हुई। पुलिस का खुफिया तंत्र पूरी तरह से फेल हो गया। इसमें किसी न किसी को तो जिम्मेदारी लेनी ही होगी। खेत के आसपास बाउंसर की तैनाती थी, चारों तरफ बिजली तार बिछाए गए थे। किसी को खेत में घुसने नहीं दिया जा रहा था। इस मामले में विनायक ताम्रकार और उसके भाई बृजेश के मोबाइल की जांच होनी चाहिए। पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ होना चाहिए, अन्यथा कांग्रेस की यह लड़ाई जारी रहेगी।राकेश ठाकुर ने का कि छत्तीसगढ़ का यह पहला और बड़ा मामला है। इसमें आरोपी का नार्को टेस्ट होना चाहिए। कोटवार, कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, आरआई के खिलाफ भी जांच होनी चाहिए। सूखे नशे के इस गोरखधंधे की वजह से छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व महापौर आरएन वर्मा, रिसाली निगम के सभापति केशव बंछोर, प्रेमलता साहू, संजय कोहले, जमुना साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## ट्रांसपोर्टर्स बेखौफ, नो-एंट्री टाइम का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नो-एंट्री टाइम पर भारी वाहन शहर में धड़ल्ले से आवाजाही कर रहे हैं। लगातार शिकायत के बाद सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान 15 से ज्यादा वाहनों पर चालानी कार्रवाई की।


बता दें कि पुलिस की कार्रवाई का ट्रांसपोर्टर्स को तनिक भी खौफ नहीं है, इस वजह से हर दिन जीई रोड, स्टेशन रोड में भारी वाहनों की आवाजाही दिन के समय देखी जा सकती है। इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया। सुबह 6:30 बजे यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा दुर्ग से नेहरू नगर की ओर आने वाले मार्ग पर नो-एंट्री व्यवस्था का उल्लंघन कर शहर क्षेत्र में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान नो-एंट्री अवधि में शहर में प्रवेश कर रहे भारी वाहनों को रोककर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115/194 के अंतर्गत कुल 15 भारी वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। बता दें कि सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक नो-एंट्री प्रभावी रहती है, दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक सीमित अवधि के लिए प्रवेश की अनुमति दी जाती है। इसके बाद दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक पुनः नो-एंट्री लागू रहती है।











**खबर संक्षेप**

### भिलाई में कल नहीं आएगा नलों से पानी

**भिलाई।** शहर में 11 मार्च को पानी नहीं आएगा। नपानिभि अंतर्गत स्थित 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र और 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में 10 मार्च को 33 केव्हीए फिल्टर प्लांटर सप्लाई अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता के परिसर में इलेक्ट्रिक सप्लाई सुबह लगभग 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। 77 एमएलडी फिल्टर प्लांटर और 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। 11 मार्च को निगम क्षेत्र में आंशिक रूप से जलप्रदाय प्रभावित होने की संभावना है।

**तीन माह में करीब 2500 लोगों को कुत्तों ने काटा**

## हर दिन दर्जनों लोग हो रहे डॉग बाइट का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाने को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत ने साफ निर्देश दिए थे कि स्कूल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे स्थानों पर कुत्तों को नहीं रहने दिया जाए, उन्हें शेल्टर होम में रखा जाए लेकिन दुर्ग-भिलाई की स्थिति कुछ और ही है। यहां हर दिन दर्जनों लोग डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं।

आवारा कुत्तों के कारण लोगों में डर का माहौल है। दुर्ग जिले में सरकारी अस्पतालों, स्कूल परिसरों और दफ्तरों के आसपास आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सुपेला स्थित सिविल अस्पताल में ही दर्जनों आवारा कुत्तों ने स्थायी डेरा बना लिया है। मरीजों और उनके परिजनों में डर का माहौल है, लेकिन नगर निगम की टीम इन्हें हटाने के लिए नियमित रूप से नहीं पहुंच रही। शहर में कुत्तों के काटने के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

सिविल अस्पताल सुपेला में रोजाना 8 से 10 नए मरीज डॉग बाइट के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जबकि दुर्ग जिला अस्पताल में यह संख्या प्रतिदिन 25 से 30 तक है। दुर्ग जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक नवंबर 2025 में 616 लोगों को कुत्तों ने काटा था और 1641 लोगों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई। दिसंबर 2025 में 702 डॉग बाइट केस सामने आए और 2002 लोगों को वैक्सीन दी गई।

जनवरी 2026 में 745 लोग कुत्तों के काटने के बाद इलाज के लिए पहुंचे और 1958 लोगों को टीका लगाया गया। फरवरी 2026 में भी स्थिति सामान्य नहीं दिख रही। 25 फरवरी को 16, 26 फरवरी को 20 और 27 फरवरी को 16 लोग कुत्तों के काटने के बाद अस्पताल पहुंचे।

### म्यूल खाते के जरिए साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा


**भिलाई।** म्यूल खातों में ठगी करने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि नाबालिग का अपहरण कर उसे साथ लेकर फरार होने वाले को खोजने झारसुगुड़ा,धनबाद पुलिस टीम पहुंची थी। बालक के संपर्क में आए व्यक्तियों को लेकर जानकारी मिली थी। आरोपी झारसुगुड़ा निवासी रितेश कुमार शर्मा , आकाश कुमार रवानी को पकड़ा गया। इनके पास बैंक खाता, पासबुक को अवैध रूप से साइबर ठगी में इस्तेमाल किया करते थे। 1 मार्च को खाता से जुड़े लेनदेन के विवाद के कारण बालक धनबाद गया था। जहां आरोपियों ने उससे रकम का डिमांड किया। उसके बाद बालक को छोड़ दिया गया। आरोपीगण बैंक खातों का उपयोग कर अवैध लाभ कमाते थे।

### केवल रायपुर से दुर्ग की तरफ आएंगी गाड़ियां

# कुम्हारी फ्लाईओवर आज से 18 तारीख तक रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रायपुर-दुर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित कुम्हारी फ्लाईओवर में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। इस कारण दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाले फ्लाईओवर के ऊपर का मार्ग अस्थायई रूप से 10 से 18 मार्च तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन फ्लाईओवर के नीचे स्थित सर्विस लेन से कराया जाएगा। यह कार्य 10 मार्च से 18 मार्च तक किया जाएगा। सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित डायवर्जन का पालन करें तथा सावधानीपूर्वक वाहन चलाकर प्रशासन का सहयोग करें। एनएच के अधिकारियों ने बताया कि यह एक रूटीन मेंटेनेंस है। ब्रिज की गुणवत्ता को परखने के लिए यह मेंटेनेंस किया जाना है। इस दौरान दुर्ग से रायपुर की ओर जाने वाली गाड़ियों को सर्विस लेन पर शिफ्ट किया जाएगा। ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस की तैनाती रहेगी। दुर्ग से रायपुर जाने वाले लोग यदि चाहें तो उतई होकर पाटन के रास्ते रायपुर जा सकते हैं। नया रायपुर के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल किया जा सकता है।



**कॉलम और स्लैब के ज्वाइंट में आई दरार** कुम्हारी ब्रिज के एक हिस्से में कॉलम और स्लैब के ज्वाइंट में दरार आ गई है। इसकी वजह से लगा बेयरिंग खराब हो गया है। संभवतः उसे बदलने की तैयारी है। इस वजह से मेंटेनेंस के लिए मार्ग को बंद किया गया है। बता दें कि इस ज्वाइंट के हिस्से में दरार की वजह से ब्रिज में आवाजाही के दौरान खतरा बढ़ गया है। अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेंस का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मार्ग को पुनः वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा।




## खबर संक्षेप



### अफीम के मामले में निष्पक्ष जांच की जाए

दुर्ग। समोदा में अफीम का मामला सामने आने के बाद निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग उठ रही है। इसे लेकर कांग्रेस की महामंत्री निकिता मिलिंद ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि यह प्रशासनिक सिस्टम की बड़ी चूक है। इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर यह सच है तो यह सिर्फ़ एक व्यक्ति का अपराध नहीं, बल्कि भाजपा के सुशासन की असली तस्वीर है, जहां सत्ता के संरक्षण में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कांग्रेस इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करती है, ताकि सत्ता के नशे में पल रहे ऐसे कारनामों का सच सामने आ सके। भाजपा नेता अफ़ीम उगा रहे हैं और सरकार सब कुछ देख रही है। प्रदेश की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

### रोली को पीएचडी की उपाधि



भिलाई। रोली ओझा मिश्रा को प्राणिविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध कार्य डॉ. चेतना रहांगडाले के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। शोध प्रबंध का मूल्यांकन बाह्य विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण तोमड़, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, स्नातकोत्तर प्राणिविज्ञान विभाग, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वायत्तशासी कॉलेज भोपाल द्वारा किया गया।

### आदित्य को पीएचडी की उपाधि



दुर्ग। हेमचंद यादव विवि के शोधार्थी आदित्य नारंग को दुर्ग संभाग के नगर निगम क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूहों के विकास में बैंकिंग-नॉन बैंकिंग साख की भूमिका का अध्ययन विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। शोध के निर्देशक डॉ. विजय कुमार वासनिक, सहायक प्राध्यापक शा. कन्या कॉलेज तथा सह-शोध निर्देशक डॉ. एसएन झा, प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष, शासकीय महाविद्यालय दुर्ग के निर्देशन में प्राप्त किया गया। शोधार्थी की मौखिक परीक्षा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के टैगोर हॉल में संपन्न हुई।

# 924 रुपए का गैस सिलेंडर अब मिलेगा 984 रुपए में, कांग्रेस ने विरोध में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

घरेलू रसोई गैस सिलेंडर में 60 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर में 115 रुपये की मूल्य वृद्धि के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले उग्र प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण राकेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के संयुक्त नेतृत्व में पटेल चौक में कांग्रेसी जुटे। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि को आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ बताया।

बता दें कि 7 मार्च से पहले जिले में रसोई गैस की कीमत 924 रुपए थी। 7 मार्च के बाद यह बढ़कर 984 रुपए हो गई है। इसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। इधर 1 मार्च को जो इनवाइस काटा गया है, उसकी डिलीवरी 7 मार्च या इसके बाद नई कीमतों के आधार पर की जा रही है। इसे लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी है। उनके द्वारा गैस एजेंसी पहुंचकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

## गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का पटेल चौक में उग्र प्रदर्शन

### केंद्र सरकार की नीतियों का असर आम आदमी पर पड़ रहा

कांग्रेस के दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज आम आदमी की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को अब गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर और अधिक परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 500 में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज जनता को मुंह दिखाने के लायक नहीं रह गई है। चुनाव के समय किए गए वादों से भाजपा पूरी तरह मुकर गई है और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।



### महंगाई अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच रही, सरकार का नहीं ध्यान

दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर में 60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर में 115 की बढ़ोतरी से आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे होटल, ढाबा संचालक और व्यापारियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता त्रस्त है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी और हल्की धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। इस अवसर पर आरएन वर्मा, निर्मल कोसरे, महेंद्र वर्मा, विशाल देशमुख, योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, शिवकुमार वर्मा, दर्शन सिंह, जागेत्री साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## बीएसपी कर्मचारी कहां करें विवाह समारोह व सांस्कृतिक आयोजन

# टाउनशिप के जर्जर हो चुके इस्पात क्लबों के रिनोवेशन की योजना ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप के सभी सेक्टरों में वर्षों पूर्व बने जर्जर इस्पात क्लबों के संधारण की योजना ठंडे बस्ते में है। रिनोवेशन नहीं होने से बीएसपी कर्मचारियो को सामाजिक आयोजनों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यूनियनों ने जल्द सभी सेक्टरों के इस्पात क्लबों का कायाकल्प किए जाने की मांग की है।

टाउनशिप के सभी चौदह सेक्टरों में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही सामुदायिक भवन इस्पात क्लबों का निर्माण किया गया था। पिछले पचास साठ साल के दौरान अधिकतर क्लब के भवन जर्जर हो चुके हैं। इसके साथ ही यह भवन छोटे होने के कारण के कारण विभिन्न आयोजनों के लिए कर्मियों को कई तरह की परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए यूनियनों के लगातार मांग पर बीएसपी द्वारा पिछले सालसभी सेक्टरों के क्लबों के भवनों का रिनोवेशन किए जाने की योजना बनाई गई थी। लेकिन अब तक इनका संधारण शुरु नहीं किया गया है। इसके चलते कर्मचारियों को परिजनों के विवाह समारोह, बर्थ डे पार्टी आदि सामाजिक , सांस्कृतिक आदि कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए निजी भवनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सीटू के जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि निजी भवनों का रेट अधिक होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। सभी सेक्टरो के भवनों का संधारण जल्द किया जाए।

## महंगे निजी भवनों को लेने मजबूर



### खुले में आयोजन करने मजबूर

गौरतलब हो कि डेढ़ दो दशक पूर्व तक बीएसपी कर्मचारी विभिन्न सेक्टरों में बने इस्पात क्लबों में आयोजन किया करते थे। परिजनों के शादी ब्याह, बच्चों के बर्थ डे मेरिज एनवर्सरी आदि आयोजनों के अलावा ड्यूटी से लौटने के बाद यहां जुटते थे और कैरम आदि खेला करते थे। लेकिन जर्जर होने से अधिकतर क्लबों के भवन उपेक्षित हैं। छोटे होने के कारण बीएसपी कर्मचारी परिजनों के विवाह समारोह सेक्टरों के खुले मैदानों में करने भी मजबूर हो रहे हैं। कर्मियों ने बताया कि मैदानों में विवाह समारोह के आयोजन से अंधड़ बारिश और खाने आदि के सामानों की चोरी की समस्या बनी रहती है।

### अफसरों के लिए सर्व सुविधायुक्त दो क्लब हैं

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में बीएसपी अधिकारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त और मनोरंजन से भरपूर दो क्लब हैं। सिविक सेंटर मैदान में भिलाई निवास के पास भिलाई क्लब और सेक्टर 8 में स्टील क्लब है। दोनों क्लबों में अफसरों के मनोरंजन के लिए स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट, बार, एलईडी टीवी, कैरम हाल, कैंटीन और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए कैंपस व स्टेज है। भिलाई क्लब में तो लान टेनिस कोर्ट भी है। दोनों क्लबों में बालीवुड के गायकों के स्टेज शो भी होते हैं। वहीं दूसरी ओर कर्मियों के लिए बनाए गए इस्पात क्लब जर्जर और उपेक्षित पड़े हुए हैं। खिड़की, दरवाजे, जर्जर हैं कांच टूट चुके हैं फेन भी टूटे हुए हैं। यूनियनों के मुताबिक सिर्फ सेक्टर 7 के क्लब के भवन को रिनोवेट किया गया है। इसके पूर्व सेक्टर पांच क्लब पहले ही संधारित है।

# फ्लाईओवर के नीचे के भूखंड की नीलामी पर प्रतिबंध, लेकिन निगम करने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

रायपुर नाका स्थित वाईशेप ब्रिज के नीचे के 10 भूखंडों को दुर्ग निगम ने नीलाम करने की तैयारी की है। इसके लिए बकायदा नीलामी प्रक्रिया शुरू करते हुए 16 मार्च तक आवेदन बुलाए गए हैं। इस पर पूर्व

- पूर्व पार्षद डी प्रकाश ने नगरीय निकाय मंत्री साव से की शिकायत

पार्षद डी प्रकाश ने आपत्ति की है। उन्होंने इसे लेकर नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि वे कलेक्टर और निगम आयुक्त को वस्तु स्थिति से अवगत करा चुके हैं। बावजूद लोक निर्माण विभाग सेतु निगम की इस गाइडलाइन की अनदेखी का जा रही है। उन्होंने इस आदेश पर पुनर्विचार करते हुए आदेश को निरस्त करने की मांग है। बता दें कि दुर्ग निगम ने रायपुर नाका वाईशेप ब्रिज के नीचे निगम आधिपत्य की दुकानों के बाजू स्थित रिक्त 10 भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की है। भूखंडों के लिए नीलामी आमंत्रण की अंतिम तिथि 16 मार्च तक निर्धारित की गई है। 17 मार्च को नगर निगम कार्यालय में प्राप्त निविदाओं को विधिवत खोला जाना है।




### 40 साल पुराने राजीव गांधी सेतु का समाधान नहीं

पुराने शहर को धमधा नाका क्षेत्र से जोड़ने वाला 40 साल पुराना ब्रिज कंडम हो गया है। 10 साल पहले ही इसे डेड घोषित कर दिया गया है। बावजूद इसके अब भी इस पर भारी वाहनों की आवाजाही जारी है। इतना ही नहीं इस ब्रिज के नीचे 50 से ज्यादा दुकानें संचालित है। रेलवे द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं कराने की वजह से ब्रिज की कार्ययोजना अब तक तैयार नहीं हो सकी है। डी प्रकाश ने कहा कि यह गंभीर समस्या है। स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष रूप से सांसद, विधायक, महापौर द्वारा गंभीरता से नहीं लिए जाने की वजह से आने वाले समय में पूरे शहर को एक बड़ी परेशानी से गुजरना पड़ेगा। वर्तमान में ब्रिज को तोड़कर इसी जगह पर नए ब्रिज का प्लान बन रहा है। ऐसा किया जाना संभव नहीं है। जनप्रतिनिधियों को इस विषय को लेकर चर्चा करनी चाहिए।

### सेटअप अनुसार कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग

दुर्ग। शासन द्वारा नित नए अनुविभाग, तहसील, उपतहसील एवं अन्य शासकीय कार्यालय आरंभ किया जा रहा है परंतु सेट अनुसार विभागों में कर्मचारियों की नियुक्ति शासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि वर्ष 2026-27 में अधिकांश विभागों में कर्मचारियों की बहुतायत में सेवानिवृत हो रही है।

# किसी भी संगठन की असली शक्ति हैं उसके कार्यकर्ता : सुरेन्द्र कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर विसस्तरीय बैठक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर विधानसभा स्तर पर बैठकें हुईं। यह बैठकें जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में आयोजित की गईं।जिला भाजपा संगठन के अंतर्गत आने वाले दुर्ग शहर विधानसभा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा, पाटन विधानसभा और साजा विधानसभा के दो-दो मंडलों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी प्रशिक्षण अभियान वर्ग की रूपरेखा, संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजित बैठकों में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रशिक्षण अभियान टोली जिला संयोजक, जिला महामंत्री दिलीप साहू,जिला उपाध्यक्ष एवं टोली सदस्य




शिवेंद्र परिहार, पूर्व महापौर एवं टोली सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं टोली सदस्य तेखन सिन्हा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि किसी भी संगठन की असली शक्ति उसके कार्यकर्ता होते हैं। एक मजबूत संगठन का निर्माण प्रशिक्षित, समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं के बल पर ही संभव होता है। बैठक में विनोद अरोरा, उपाध्यक्ष, हर्षा चंद्राकर, सरिता मिश्रा, राजीव पांडेय, मंत्री गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, गायत्री वर्मा, शैलेंद्री मांडवी, नवीन पवार, ओमप्रकाश सेन, धुव सचदेव, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रमिक सम्मेलन आज, शिक्षामंत्री होंगे शामिल

दुर्ग। श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों के हित में 10 मार्च को श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में सुबह 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की जाएगी। इसमें मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।

### रोजगार मेला 12 को, 145 पदों में होंगी भर्तियां

दुर्ग। जिला रोजगार कार्यालय मालवीय नगर चौक में 12 मार्च को सुबह 10:30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में निजी क्षेत्र के दो नियोजकों से प्राप्त इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन 125 पोस्ट एवं सेल्स प्रमोटर 20 पोस्ट कुल 145 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। सभी पदों हेतु वेतन 14000 से 20000 रुपए तक है, ईपीएफ, मेडिकल, इंसेंटिव एवं पेट्रोल इत्यादि की सुविधा दिया जाएगा। 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने जिहादी कट्टरपंथियों का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा दिल्ली के उत्तम नगर स्थित जेजे कॉलोनी क्षेत्र में होली के दिन 26 वर्षीय तरुण की हुए हत्या की घटना की निंदा की है। घटना के विरोध में सोमवार को शहीद चौक पर कार्यकर्ताओं द्वारा जिहादी कट्टरपंथियों का पुतला जलाकर आक्रोश जताया गया। यह प्रदर्शन बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ओम रवि भारती के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन उपरांत संगठन द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्य सरकार के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले की सीबीआई जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।



सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष ओम रवि भारती ने बताया कि 4 मार्च को होली के अवसर पर एक मामूली घटना को लेकर विवाद बढ़ गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों द्वारा तरुण और उसके परिवार पर हमला कर दिया गया। इस हमले में तरुण की मृत्यु हो गई तथा परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। बजरंग दल द्वारा घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शन के दौरान छत्तीसगढ़ बजरंग दल के संयोजक रतन यादव, प्रदेश अध्यक्ष गौतम जैन, चंदन राजपूत, राकेश शिंदे, विभाग संयोजक कुशल तिवारी, अपूर्व सिंह, कुलेश्वर यादव, देवाशीष घोष आदि मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक रिकेश सेन का बड़ा आयोजन

# 22 हजार महिलाओं का हुआ सम्मान, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा विधायक की

- दशहरा मैदान में किया गया आयोजन

शक्ति योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन शांति नगर स्थित दशहरा मैदान में किया गया। इस आयोजन में विधानसभा क्षेत्र की लगभग 22 हजार महिलाओं ने शिरकत की, जिन्हें विधायक ने सम्मानित कर उपहार भेंट किए।





कार्यक्रम के दौरान विधायक रिकेश सेन ने मंच से उन महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जिन्होंने शिक्षा, समाज सेवा, स्वरोजगार और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विधायक श्री सेन ने कहा कि महिलाएं समाज की असली शक्ति हैं। 'विधायक की शक्ति' योजना का उद्देश्य हर महिला को सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कराना है। उपहार मिलने के बाद महिलाओं ने खुशी जाहिर की और विधायक की इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और वैशाली नगर विधानसभा के लोग उपस्थित रहे।

### विधायक ने मंच से किया सनसनीखेज खुलासा

कार्यक्रम के दौरान उस वक्त सनसनी फैल गई जब विधायक रिकेश सेन ने अपनी सुरक्षा और निजी जीवन को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से बताया कि पिछले 2 वर्षों से कुछ असामाजिक तत्व उनकी हत्या की साजिश रच रहे थे। उन्होंने मंच से इस साजिश में शामिल चेहरों और उनके मंसूबों का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया कि वे जनता की सेवा से पीछे नहीं हटेंगे।

### स्वच्छ मिशन प्रबंधन समिति की बैठक 19 को

दुर्ग। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 19 मार्च को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडा-व्यक्तिगत शौचालयों, सामुदायिक शौचालय, महतारी सदन में शौचालय निर्माण की समीक्षा, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छाग्राही मानदेय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाई, बर्तन बैंक, फिकल स्लज मैनेजमेंट, सोकपिट निर्माण की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही ग्राम पचांयत के खाते में उपलब्ध अनुपयोगी राशि के लेखा परीक्षण, वित्तीय प्रगति, स्वच्छ भारत कोष अंतर्गत चिन्हांकित ग्राम पर चर्चा, वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी।

# आप पार्टी के नेताओं को दोष मुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



भिलाई। आम आदमी पार्टी जिला दुर्ग के सदस्यों ने पार्टी के शीर्ष नेताओं को शराब घोटाले में दोष मुक्त किए जाने पर जिला अस्पताल के सामने गांधी पुतले पर मामबत्तियां जलाकर मिठाइयां बांटी और खुशी का इजहार किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि दिल्ली की न्यायालय ने शराब घोटाले में आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह तथा अन्य नेताओं को दोष मुक्त करने का आदेश दिया है। भाजपा के इशारे पर सरकारी एजेंसियों का दुरपयोग कर झूठा मामला बनाकर 23 लोगों को शराब घोटाले में आरोपी बनाया गया। सभी शीर्ष नेता कई दिनों तक जेल में रहे, जबकि कोर्ट में कहा कि ऐसा कोई मामला बनता ही नहीं था। हर्ष जताने वाले कार्यकर्ताओं में डॉ. एसके अग्रवाल, के ज्योति, मेहरबान सिंग, बलविंदर, अविनाश गायकवाड, छबि देवांगन आदि शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### विधायक ललित ने राशन दुकान से जुड़े मुद्दे को प्रश्न काल में उठाया

**भिलाई।** सोमवार को छत्तीसगढ़ विधान सभा के प्रश्न काल के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने राशन दुकान से जुड़े प्रश्न को उठाया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।
विधायक ललित चन्द्राकर ने पूछा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन दुकान आंबटन की कार्यवाही/प्रक्रिया क्या है? एक समूह को कितने दुकान आंबटन करने का प्रावधान है तथा राशन दुकान संचालन का नियत स्थान बदलने के नियम/प्रावधान क्या हैं। साथ ही दुर्ग जिले में कितने समूहों द्वारा एक से अधिक राशन दुकान संचालित किए जा रहे हैं। क्या उनका नियत संचालन स्थान बदला गया है? यदि हां तो समूह का नाम, संचालक का नाम, ग्रामवार जानकारी बताएं।

### फत्तेलाल बने जिला सहकारिता प्रकोष्ठ सह संयोजक



**उतई।** ग्राम पंचायत खोपली निवासी फत्तेलाल वर्मा को जिला सहकारिता प्रकोष्ठ सह संयोजक बनने के बाद प्रथम उतई मंडल आगमन पर उतई बाजार चौक में स्वागत किया गया। फत्तेलाल वर्मा को सहकारिता प्रकोष्ठ क्षेत्र में मिली बड़ी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओ एवं आस पास के ग्रामीणों में खुशी कि लहर फत्तेलाल वर्मा भाजपा में लगातार समय देते आ रहें हैं। इस दौरान नपं अध्यक्ष सरस्वती साहू, उतई नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख, मंडल अध्यक्ष शीतला, महामंत्री प्रवीण कुमार यदु, चंदू देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू, सोनू राजपूत, भीमसेन सिन्हा, खूबी राम साहू, घनश्याम चंद्राकर, फलेन्द्र सिंह राजपूत, संगीत रजक, ममता चंद्राकर, लता सोनवानी, सुनीता चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## निधन

### सुशीला दुबे



**पाटन।** पुराना बस स्टैंड पाटन निवासी सुशीला दुबे 81 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेन्द्र दुबे, गणेश दुबे की मां एवं अविनाश दुबे की दादी थीं।

### पेरी पद्मा



**भिलाई।** प्रगति नगर मकान नं. 330/13, स्ट्रीट -1, निवासी आंध्र महिला मंडली की अध्यक्ष तथा समाजसेवी पेरी पद्मा (58 वर्ष) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 मार्च को निवास स्थान से दोपहर 2 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे पेरी हरीश की पत्नी और पेरी रवि स्वप्निल व पेरी शुभम की मां थीं।

### कोनारी में किसान-अधिकारी सभा बेनतीजा : लोक प्रयोजन पर स्पष्टता नहीं

# रेलवे परियोजना पर किसानों के सवालों का अधिकारी नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम कोनारी के तहसील साहू भवन में आयोजित किसान-अधिकारी सभा पूरी तरह दिशाहीन और अनिर्णायक रही। खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों और प्रशासन के बीच सहमति नहीं बन पाई। ग्रामीणों ने दोटूक कहा है कि वे अपनी जमीन पर सर्वे कराने के लिए बिल्कुल भी इच्छुक नहीं हैं। सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर ने की। उनके साथ अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्र देशमुख और जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने किसानों का पक्ष मजबूती से रखा। प्रशासन की ओर से भू-अर्जन विभाग के एसडीएम मिरी, रेलवे के उच्च अधिकारी राकेश कुमार दिव्य, नायब तहसीलदार वासुमित्र दीवान सहित राजस्व, पीडब्ल्यूडी और विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं सभा में किसानों की लगभग 300 रही जो कि जिला दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पुरई, पाऊवारा, चंगोरी, बिरेझर, थनौद, कोनारी, चंदखुरी, भानपुरी, बोरीगारका, करगाडीह, खोपली, घुघसीडीह, कोकड़ी, कोड़िया एवं अन्य ग्रामों के नियमित निवासी कृषक और भू-स्वामीगण उपस्थिति रही।

वहीं सभा में किसानों के अनुसार, अधिकारियों के पास उनकी समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं था, जिससे यह सभा बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गई। जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, अधिग्रहण की प्रक्रिया का विरोध जारी रहेगा।

**धान उगाने वाले किसानों के किसी भी मांगों पर प्रशासन सहमत नहीं है**







### सहमति का अभाव

किसानों ने एसडीएम के समक्ष अपने एक-एक बिंदु रखे और उन पर स्पष्ट सहमति चाही लेकिन प्रशासन की ओर से किसी भी बिंदु पर किसानों के हित में सहमति नहीं बन पाई।
वहीं जब किसानों ने पूछा कि इस परियोजना से जनता का क्या 'लोक प्रयोजन' सिद्ध होता है और इसमें पैसेंजर व मालगाड़ियों का प्रतिशत क्या होगा, तो अधिकारियों की ओर से कोई भी संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिला।

### गाइडलाइन दरों में कटौती

नवंबर 2025 की गाइडलाइन दरों में की गई कटौती और अचानक वर्ग मीटर दर को हटा दिए जाने से किसान आक्रोशित है। किसानों का आरोप है कि जान बूझकर जनवरी के बाद वर्ग मीटर के मापदंड हटाए गए हैं। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक पारदर्शिता और लिखित आश्वासन नहीं मिलता, किसी भी प्रकार की दमनकारी या जबरदस्ती वाली सर्वे कार्यवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### किसानों ने अपनी मांगें पुनः दोहराईं

किसानों ने नवंबर 2025 की दरें पुनः लागू करने कहा है, रेलवे में परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी मिले, 28 अक्टूबर 2025 को आवेदन देने आए किसानों पर की गई एफआईआर को तत्काल रद्द किया जाए, 13 फरवरी 2026 को सौंपे गए ज्ञापन की सभी मांगों पर लिखित आश्वासन दिया जाए।

### ग्रामों के किसान थे मौजूद

सभा में अजय सिन्हा, मुकेश देशमुख, बिसेसर देशमुख, सतीश देशमुख, लोपेंद्र देशमुख, हरि देशमुख, प्रेम लाल, अमर सिंह साहू, अलख राम साहू, विक्रम साहू, पुराणिक साहू, धर्मेंद्र देशमुख, राजू लाल देशमुख, प्रदीप देशमुख, लक्ष्मी मानिकपुरी, लखन निषाद, तुमन साहू, इंद्रजीत साहू, गोपेश्वर साहू, जीवन लाल, प्रदीप गजपाल, ज्ञानदास टंडन, पुनाराम देवांगन, धनऊ राम कोसरे, यशवंत साहू, चिंतामणि गजपाल, टेकम लाल यादव, घनश्याम सिंह, जवाहर लाल, गुलाब सिंह साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख और सीसी रोड के लिए 20 लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर जिले के पारागांव में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर भी मौजूद रहे।

■ पारागांव में आयोजित कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन में शामिल हुए विधायक चन्द्राकर

अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने पारागांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये और सीसी रोड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज स्वयं अपने बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाता है, तब नई पीढ़ी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती है। उन्होंने बताया कि समाज के माध्यम से दो हजार से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा का अवसर मिल रहा है, जो सराहनीय पहल है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और बताया कि महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं के खातों में जारी की गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है। मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि होली से पहले 25.28 लाख किसानों के खातों में कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार 324 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभावान लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिविल जज में चयनित दीपक चंद्राकर, पीएससी में चयनित लक्ष्मी चंद्राकर सहित कई प्रतिभाओं को सम्मान मिला। कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक ललित चंद्राकर और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार : प्रिया साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

महिला दिवस पर विशेष आयोजन कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुरा में महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 385 महिलाओं की जांच किया, जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू व जनपद पंचायत अध्यक्ष दुर्ग कुलेश्वरी देवांगन की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने कहा कि 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार की धुरी है, पूरे घर परिवार की जिम्मेदारी रहती है। वहीं जनपद अध्यक्ष दुर्ग कुलेश्वरी देवांगन ने कहा कि महिलाएं समाज में सशक्त बने, हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रतिभा से समाज में अपनी पहचान बना रही हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। वहीं इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र बेलचंदन द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सामान्य एवं गंभीर बीमारियों की जानकारी दी गई तथा उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में पीएससी नगपुरा संस्था प्रभारी डॉ. ज्योति ध्रुव ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।

## महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही सशक्त भारत की पहचान : रजनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल उपस्थित रही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने की।

■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महतारी वंदन सम्मेलन में महिलाओं ने लिया हिस्सा

मुख्य अतिथि रजनी बघेल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आज की नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की अग्रदूत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मविश्वास, शिक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ती है तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई धारा प्रवाहित होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय देकर समाज में नई पहचान बना रही हैं। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिला पंचायत की सभापति नीलम चंद्राकर तथा जनपद पंचायत पाटन के उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बठेना की सरपंच एवं महिला मोर्चा पाटन की मंडल अध्यक्ष उनिका वर्मा, जनपद सदस्य उर्वशी वर्मा आदि उपस्थित थे।

## होली का त्योहार प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक

**पाटन।** अम्लेश्वर नव नियुक्त कर्मचारी संघ अम्लेश्वर के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष दयानंद सोनकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमओ प्रीति गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, राजू सोनकर एवं यामनी यादव सहित कर्मचारीगण मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए और उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं तथा ऐसे आयोजनों से आपसी संबंध और मजबूत होने की बात कही। कार्यक्रम का समापन सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में किया गया।



## आलबरस में फाग प्रतियोगिता 14 से

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम आलबरस में जय मां सरस्वती जगराता जस एवं फाग परिवार के तत्वावधान में आठवां वर्ष दो दिवसीय भव्य फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 एवं 15 मार्च को शिव शक्ति चौक आलबरस में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से फाग मंडलियों को आमंत्रित किया गया है।

आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि प्रतियोगिता में फाग गायन और झांकी दोनों वर्गों में पुरस्कार रखे गए हैं। झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय 4001 रुपये, तृतीय 3001 रुपये, चतुर्थ 2001 रुपये और पंचम पुरस्कार 1001 रुपये नगद रखा गया है। वहीं फाग गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रुपये तथा पंचम पुरस्कार 1001 रुपये नगद प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल होने वाली प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्राम आलबस में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में फाग मंडलियों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होकर फाग प्रतियोगिता का आनंद लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है।

## भाजपा नेता प्रदीप बने जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के सह-संयोजक



**भिलाई।** भाजपा नेता प्रदीप गुप्ता को जिला सहकारिता प्रकोष्ठ का सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी संगठन द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि प्रदीप लंबे समय से संगठन और सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं तथा उनकी सक्रियता और अनुभव का लाभ पार्टी और सहकारिता क्षेत्र को मिलेगा।

## किसानों के होली मिलन में बनीं आंदोलन की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा ब्लॉक में किसान बंधु संगठन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। बड़ी संख्या में किसानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में परसकोल गांव के लगभग 17 किसानों की भूमि अधिग्रहण का मुद्दा प्रमुख रूप से सामने आया। किसानों ने बताया कि प्रशासन द्वारा करीब 40 साल पहले उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन आज तक किसानों को उसका मुआवजा नहीं दिया गया है।

■ 7 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे किसान : बाबा टेकसिंह

किसानों का कहना है कि इस मामले को लेकर वे कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर चुके हैं। अधिकारियों द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया था कि मार्च 2026 तक जमीन का मुआवजा दे दिया जाएगा, लेकिन अब तक किसानों को कोई भुगतान नहीं किया गया है। इससे किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। बैठक में किसानों ने एकजुट होकर फैसला लिया कि यदि जल्द ही मुआवजे की राशि नहीं दी गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। किसानों ने निर्णय लिया कि 7 अप्रैल को जिला कलेक्टर जाएंगे। किसानों ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सरकार उन्हें उनकी जमीन का मुआवजा नहीं देती है तो सरकार या तो जमीन का पूरा मुआवजा दे, अन्यथा इतने वर्षों से उपयोग की जा रही जमीन का किराया स्वरूप उचित राशि देकर जमीन किसानों को वापस करे। यह कार्यक्रम किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें किसानों ने अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बाबा टेकसिंह चंदेल किसान नेता, आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा, ढालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा, मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, भुनेश्वर नेताम, भवानी सिन्हा, राजेंद्र वर्मा, गंगाराम कुर्रे, धनेश वर्मा, शत्रुहन बंजारे पूर्व सरपंच घोटवानी आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**दावा आपत्ति सूचना**

क्र. / 87 / राज. वि. / दुकान नामां. / 2026
कुम्हारी, दिनांक 02/03/2026

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में आई.डी.एस. एम. टी. योजना अंतर्गत वार्ड क्रं.-13 टोल प्लाजा में निर्मित दुकान क्रं. 20 का क्रय-विक्रय / वारिसान / मृत्यु आधार नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 व अचल संपत्ति अंतरण नियम 1996 के प्रावधानों के तहत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं, यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / समुदाय को आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित में नगर पालिका कार्यालय में अपना दावा / आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। दुकान नामांतरण संबंधी विवरण निम्नानुसार हैं

**क्र.-1, हस्तांतरणकर्ता का नाम व पता-** श्री नारायण सिंह दहिया पिता श्री नौनंद सिंह दहिया निवासी - पी. एन. के. फार्म, गुधेली, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**हस्तांतरिती का नाम व पता -** श्री शिव शंकर मिश्रा पिता श्री मन्नी लाल मिश्रा, वार्ड क्रं. - 10 शंकर नगर कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**दुकान का विवरण** -दुकान क्रं.- 20 आई.डी.एस.एम. टी. योजना अंतर्गत वार्ड क्रं.-13 टोल प्लाजा के समीप निर्मित व्यावसायिक परिसर कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**नामांतरण का आधार -** क्रय-विक्रय के आधार पर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कुम्हारी**

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। यहां एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने बताया कि अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में असुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। उन्होंने बताया कि शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100 फीसदी विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम और क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है।




**// आम सूचना //**

ग्राम तुलसी प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. जामगांव (एन) तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित शासकीय पट्टा वाली भूमि खसरा नंबर 372, 373, 374, 376, 377, 378, 379, 380, 381, 382, 383, 384, 385, 388 कुल खसरा 14 कुल रकबा 10.0400 है. (24.80 एकड़) के संबंध में।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1)-किशोर कुमार साहू पिता श्री खिलावन साहू उम्र 35 वर्ष निवासी न.नं. 105 वार्ड नं. 16 टेडेसरा तहसील जिला राजनांदगांव (छ.ग.) (2)-अभिषेक कुमार साहू पिता श्री भगवान सिंह साहू उम्र 38 वर्ष निवासी 173/19 मीनाक्षी नगर दुर्ग तहसील जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा विक्रेता/इकरारकर्ता सूरज कुमार जोशी पिता श्री मोतीलाल जोशी उम्र 40 वर्ष निवासी आनंद एसेट टाउन सड्डू रायपुर तहसील जिला रायपुर (छ.ग.) के उपरोक्त वर्णित इकरारशुदा भूमि का प्रति एकड़ 21,00,000/-रू. (अक्षरी इक्कीस लाख रूपये) में विक्रय करने का सौदा पक्का कर बयाना राशि रूपये 75,50,000/-रूपये (अक्षरी पचहत्तर लाख पचास हजार रूपये) विक्रेता/इकरारकर्ता को यू.पी.आई. ट्रांजेक्शन, आर.टी.जी. एस., एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से भुगतान कर दिया गया है। क्रेतागण उक्त भूमि का पंजीयन सक्षम प्राधिकारी से विक्रय की अनुमति प्राप्त होने के 01 माह के भीतर करवा लेंगे। इकरारकर्ता/विक्रेता मूल भूमि स्वामियों को उपस्थित करवाकर पंजीयन कार्यवाही करवायेंगे। विक्रेता /इकरारकर्ता क्रेता या उसके बताये अनुसार व्यक्ति के नाम पर सौदा की बचत राशि प्राप्त कर पंजीयन करवायेगा। विक्रेता द्वारा पंजीयन पूर्व सौदाकृत भूमि का सीमांकन करवाया जायेगा। यदि विक्रेता /इकरारकर्ता द्वारा सौदाकृत भूमि का कोई सौदा क्रेता / इकरार प्राप्तकर्ता से भिन्न किसी व्यक्ति संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय, निगम से करता है तो उक्त सौदा अवैध माना जायेगा। उपरोक्त सौदा से किसी आमजन या संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। समयावधि बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
(लखनलाल यदु)
वार्ड नं. 10, शनि मंदिर के सामने शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 9644276630

दुर्ग
दिनांक : 09/03/2026







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नकटा तालाब चढ़ा अतिक्रमण की भेंट, सीमांकन ना होने से सभी कर रहे अपना-अपना दावा

## तालाब की मेड़ को काटकर अवैध प्लॉटिंग, तालाब से निकाल दी गई कालोनी के लिए रोड, निगम और जिला प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम में जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 में कुरुद नकटा तालाब स्थित है। इस तालाब का निगम व जिला प्रशासन द्वारा संरक्षण नहीं किए जाने से ये अतिक्रमण की भेंट चढ़ता जा रहा है। निगम ने कई बार यहां तोड़फोड़ की कार्रवाई की है, लेकिन फिर से अतिक्रमणकारी वहां निर्माण कर दे रहे हैं। हालत यह हो गई है कि तालाब की मेड़ को काटकर अवैध कालोनी को जाने के लिए बाकायदा एक कच्ची रोड बना दी गई है।

कुरुद स्थित नकटा तालाब का क्षेत्रफल कई एकड़ का है। इसके तीन तरफ चौड़ी मेड़ है और एक तरफ मेड़ से लगता हुआ मुख्य मार्ग है। तालाब के सड़क की तरफ तो निगम ने मंच और पेवर ब्लॉक लगाकर तालाब को संरक्षित कर दिया है, लेकिन बाकी के तीन मेड़ का ना सीमांकन किया जा रहा है और ना ही उसके संरक्षण के लिए कोई कदम उठाया जा रहा है। वर्तमान में हालत यह हो गई है शिव शक्तिधाम मंदिर के बगल से जाने वाली सड़क के किनारे बने मकान मालिकों ने अपने घर के पीछे बाउंड्री को बढ़ा दिया है। उसके आगे एक भूमाफिया ने प्रीकास्ट करके बाउंड्रीवाल खड़ा कर दिया था। शिकायत करने पर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने उसे तुड़वाया भी। तालाब के पीछे की तरफ से सुंदर दुर्गा मंदिर है, लेकिन इसके ठीक बगल से अतिक्रमण करके कुछ लोगों ने मकान बना लिया था, जिसे निगम की टीम ने तोड़ा और कब्जाधारकों को प्रधानमंत्री आवास भी दिया, लेकिन उसेक बाद भी उन लोगों ने फिर से वहां अपनी छोपड़ी बना ली है। वहीं मंदिर के दूसरी तरफ कई एकड़ जमीन में अवैध प्लॉटिंग की गई है। बिल्डर ने अपने लेआउट में तालाब की मेड़ से रास्ता दर्शाते हुए प्लॉट भी बेच दिया है, लेकिन निगम इस रास्ते को बंद करने पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### निगम का लाखों का पेवर ब्लॉक खराब

तालाब से रास्ता बना देने से यहां हर दिन कई ट्रकों का बिल्डिंग मटेरियल लेकर आना जाना हो रहा है। ट्रक के चलने से तालाब की मेड़ में लगे पेवर ब्लॉक भी टूट गए, जिससे निगम को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।इस बारे में जब निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय को मैसेज भेजकर और फोन लगाकर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।




### की जाएगी कार्रवाई



हमने तालाब के सीमांकन के लिए तहसील में पत्र भेजा था। सीमांकन का कार्य पूरा कर अब तक हमें इसकी रिपोर्ट नहीं दी गई है, जिससे की आगे की कार्रवाई की जा सके। रही बात तालाब से रास्ता निकालने की तो ये गलत है। इसकी जांच कर उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**-येशा लहरे**, आयुक्त, जोन 2, नपानिभि

## खबर संक्षेप



### इन्फोर्समेंट ने सेक्टर 7 से हटाए अवैध कब्जे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इन्फोर्समेंट विभाग द्वारा टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया। सेक्टर–7 क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित गैरेजों एवं शेडों को हटाया गया। जहाँ टेंट, फल एवं केटरिंग व्यवसाय से संबंधित सामग्रियाँ रखकर भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। नेवई के पांडेपारा क्षेत्र में ईंटों से बनाए जा रहे तीन अवैध मकानों के ढांचे को ध्वस्त किया गया। दो ओर निर्मित बाउंड्री वाल को भी हटाया गया। इस क्षेत्र में लगभग 20 हजार वर्गफीट भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध प्लॉटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। कब्जाधारियों को शेष अवैध निर्माण स्वयं हटाने के लिए आगाह किया गया है। उनके विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बेदखली अभियान के दौरान नेवई थाना पुलिस बल भी उपस्थित था।

### समानता के लिए संघर्ष करने का प्रण लेने का दिन है महिला दिवस



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीटू द्वारा सेक्टर नौ अस्पताल और सीआईएसएफ के महिला कामगारों के लिए आयोजन किया गया। यूनियन ने कहा कि महिला दिवस को शुभकमाएं तक स सीमित रखने का दिन नहीं बल्कि असमानता के खिलाफ समानता के लिए संकल्प लेने का दिन है। सीटू नेता ने कहा कि हमारे देश की सरकार का नारा है\/"बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लेकिन इस नारे की असमानता एवं भेदभाव हर क्षेत्र में दिखता है। हमारा देश भी लैंगिक असमानता में 127 वें स्थान पर था जो 2024 में दो पायदान गिरकर 129वें स्थान पर पहुंच गया। अब 2025 की रिपोर्ट में 148 देश में भारत और दो पायदान नीचे गिरकर 131वें स्थान पर पहुंच गया है । इसके खिलाफ समानता के लिए संघर्ष जरूरी है। कार्ल मार्क्स ने 1864 में पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा था महिलाओं के बिना मजदूर वर्ग का आंदोलन नही हो सकता है।महिला दिवस महिलाओं के समानाधिकार के संघर्ष को तेज करने के लिए संकल्प लेने का दिवस है महिला दिवस को बहुत से लोग सिर्फ शुभकामनयों,बधाई तक सीमित रख देना चाहते है वे महिलाओं के शोषण,उत्पीड़न को ही जीवित रखना चाहते है। सिर्फ एक निर्दिष्ट दिन पर महिलाओं के लिए कुछ कार्यक्रम आयोजित कर वे महिला दिवस के उस संघर्ष को ही भुला देना चाहते है। किंतु सच्चाई यह है कि यह दिन समानता के लिए संघर्ष करने का प्रण लेने का दिन है । देश के बेरोजगारी की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। ग्रामीण रोजगार में महिलाओं की स्थिति और भी भयावह है।ज्यादातर काम अस्थायी प्रकृति के होने के कारण महिलाएं समान काम के समान वेतन के अधिकार से वंचित है। मनरेगा का भी सभी महिलाओं को लाभ नहीं मिल रहा है।

### नगर निगम प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही पर लोगों ने जताई नाराजगी

# 2.20 करोड़ से बना अंबेडकर भवन बना खंडहर, 20 लाख का सामान चोरी, अब तक एफआईआर नहीं

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

भिलाई तीन-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बना अंबेडकर भवन आज बदहाली का शिकार है और खंडहर बन चुका है। करोड़ों रुपए से बने इस भवन से कई पंखे, ट्यूबलाइट और बल्ब समेत लगभग करीब 20 लाख रुपए का सामान चोरी हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े नुकसान के बाद भी अब तक थाने में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। इससे निगम प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आई है। कई अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी वे सालों से चुप्पी साधे बैठे रहे। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा और दोषियों पर कार्रवाई कब होगी।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 9 में वर्ष 2022 में करीब 2 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से अंबेडकर भवन का निर्माण किया गया था। करीब 15 हजार स्वायर फीट में बने इस भवन का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल माध्यम से किया था, लेकिन उद्घाटन के बाद से ही इस भवन की देखरेख पर ध्यान नहीं दिया गया। करोड़ों रुपए की लागत से बना अंबेडकर भवन आज बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। करीब 2.20 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए इस भवन की हालत अब खंडहर जैसी हो गई है। निगम प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के कारण यहां से लाखों रुपये के सामान चोरी हो चुके हैं। पिछले चार वर्षों में अज्ञात लोगों ने भवन में लगे 64 पंखे, 172 ट्यूबलाइट, 224 बल्ब, खिड़की में लगे कांच, दरवाजे और कई अन्य सामान चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पंखा और बल्ब निकालने के चक्कर में अज्ञात लोगों ने भवन के पूरे सिलिंग को खबरा कर दिया है। चारों और कांच के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े नुकसान के बाद भी निगम प्रशासन की ओर से अब तक थाने में एफआईआर तक दर्ज नहीं कराई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए की सरकारी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह उदासीन नजर आ रहा है।

### जांच व संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



कमरे में लगे सभी पंखे गायब

### इन सामनों की हुई चोरी

| सामान | संख्या | प्रति नग (रुपए) | कुल (रुपए) |
|---|---|---|---|
| वाल फैन | 18 नग | 1503 | 27054 |
| सीलिंग फैन | 46 नग | 1503 | 69138 |
| ट्यूब लाइट | 70 नग | 172 | 12040 |
| 24 वाट बल्ब | 54 नग | 3500 | 189000 |
| 12 वाट बल्ब | 170 नग | 972 | 165240 |

नोट : चोरी किए गए सामानों की कुल कीमत 462472 रुपए, इसके अलावा बिजली उपकरण सहित कई और सामानों की भी चोरी हुई है।

### वार्डवासियों का फूटा गुस्सा



नगर निगम भिलाई-तीन चरोदा क्षेत्र में बने अंबेडकर भवन की बदहाली को लेकर अब स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्ड के निवासी बैजुराम यादव, सुबोध साव, प्रांजल यादव, अमन कुमार, राम नारायण मानिकपुरी, त्रिलोचना चक्रधर और सोनिया साव सहित अन्य लोगों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जनता के पैसों से करोड़ों रुपये खर्च कर अंबेडकर भवन बनाया गया था। स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि इस भवन का उपयोग शादी-समारोह, सामाजिक कार्यक्रम और अन्य आयोजनों के लिए किया जाएगा, लेकिन उद्घाटन के बाद से ही इसकी देखरेख नहीं की गई। वार्डवासियों का आरोप है कि रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे भवन के पंखे, लाइट और अन्य सामान चोरी होते गए और आज स्थिति यह है कि करोड़ों रुपये का भवन खंडहर में बदल गया है। लोगों का सवाल है कि जब सरकारी धन से यह भवन बनाया गया था तो इसकी सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी किसकी थी। वार्डवासियों ने निगम प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### असामाजिक तत्वों का अड्डा, बिखरा पड़ा है नशे का सामान



अंबेडकर भवन इन दिनों बदहाली और असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। जब हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची तो भवन की हालत बेहद चिंताजनक नजर आई। भवन के कई दरवाजे टूटे पड़े थे, जबकि कुछ दरवाजे पूरी तरह गायब थे। खिड़कियों में लगे कांच के शीशे भी टूटे हुए मिले और कई जगह से चोरी हो चुके थे। भवन के अंदर बने सभी कमरों से पंखे, लाइट और बिजली के बोर्ड तक गायब थे। टीम जब छत पर पहुंची तो वहां शराब की बोतलें, डिस्पोजल गिलास, चखना के पैकेट, पानी के पाउच और गांजा पीने का सामान बिखरा पड़ा मिला। लोगों ने बताया कि शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। कई बार रात में युवक-युवतियों को यहां आते और देर रात तक समय बिताते देखा गया है। कुछ साल पहले इसी अंबेडकर भवन में एक युवक ने युवती पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### निरीक्षण के बाद अपराध दर्ज कराया जाएगा

"अंबेडकर भवन में इतनी बड़ी चोरी की जानकारी हरिभूमि के माध्यम से मिली है। मामला गंभीर है। जल्द ही मौके का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के बाद संबंधित थाने में अपराध दर्ज कराया जाएगा और पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

**डीएस राजपूत**
आयुक्त, नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा

### जिम्मेदारों पर हो कठोर कार्रवाई

"है। शहर सरकार की उदासीनता और लापरवाही के कारण करोड़ों रुपए की लागत से बना यह भवन देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया है और यहां से लाखों रुपये के सामान चोरी होने की बात भी सामने आई है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर समय रहते भवन की देखरेख की जाती तो आज करोड़ों रुपये की संपत्ति इस हालत में नहीं पहुंचती।

**राम खिलावन वर्मा**
नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा

### अफीम की खेती मामले में आप ने हाई कोर्ट के जज से की जांच कराने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी आप जिला दुर्ग की टीम ने समोदा गांव में करोड़ों रुपए की अफीम खेती के खुलासे पर प्रदेश की भाजपा सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर इस पूरे प्रकरण की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की कमेटी से कराने की मांग की है।

- राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मेहरबान सिंह ने कहा कि 8 करोड़ रुपए की अफीम की खेती कोई एक दिन का खेल नहीं है। यह महीनों की मेहनत का नतीजा है। जब शासन-प्रशासन धान खरीदी के लिए एक-एक एकड़ खेत का सर्वे कर रहा था, तब उन्हें यह अफीम क्यों नहीं दिखी? यह इंटेलिजेंस और जिला प्रशासन की विफलता है। आप नेता जसप्रीत सिंग ने कहा कि जो सरकार ड्रोन सर्वे का ढिंढोरा पीटती है, वह अफीम की लहलहाती फसल क्यों नहीं पहचान पाई? मनीष मिश्रा ने कहा कि जिन 5-6 लोगों को पकड़ा गया है, वे केवल मोहरे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान मेहरबान सिंह, मनीष मिश्रा, सोनू यादव, मुकेश, सुजाता, के. ज्योति, सूरज, छवि देवांगन, सूरज साहू, जसप्रीत आदि उपस्थित थे।

### औद्योगिक सुरक्षा के प्रति सजग और सतर्क रहें श्रमिक और कर्मचारी



**भिलाई।** कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टलरिज लिमिटेड में 55 वां राष्ट्र सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रमिक और कर्मचारी उपस्थित हुए। सभी श्रमिकों को औद्योगिक सुरक्षा के प्रति सजग और सतर्क रहने विभिन्न प्रकार के सुरक्षा उपाय के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति प्रोतसाहित करने इनामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलभ केडिया, राजेश गौतम, आनंद राय, बीके सिंह, मानसिंह, केएल मढरिया, सपन घटक, प्रविण शुक्ला थे। कार्यक्रम का संचालन मानेश कुमार साहू और अमित दीक्षित ने आभार व्यक्त किया।

## सीटू ने संयंत्र के सभी जोन की महिला कर्मियों को कलम भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू ने महिला दिवस के दूसरे दिन कार्यालय एवं संयंत्र पहुंची महिलाओं के साथ मुलाकात कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संघर्षों का संदेश दिया। मिल जोन, मैकेनिक जोन, मेडिकल जोन, नॉन वर्क्स जोन, स्टील जोन, आयरन जोन, सर्विसेज जोन, कोक ओवन जोन एवं पावर एंड एनर्जी जोन में कार्य करने वाली महिला कर्मियों को मुलाकात कर कलम भेंट किया।



सीटू के महासचिव टी जोगा राव ने कहां कि आज के तारीख में संयंत्र एवं उसके कार्यालयों पर नजर डाला जाए तो हम पाते हैं कि अस्पताल में तो लोगों के जीवन बचाने के लिए नारी शक्ति कार्य कर ही रही है साथ ही साथ इस्पात भवन, संयंत्र के सभी कार्मिक विभाग, संयंत्र के अधिकांश स्टोर्स, फाइनेंस, कंप्यूटर क्षेत्र से लेकर मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल विभागों में भी महिलाएं टेक्नीशियन के रूप में भी कार्य कर रही है। सीटू नेताओं ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में भी जहां महिलाओं को शाम 6 बजे के बाद कारखाने में काम करने पर प्रतिबंध है वहां पर अब सरकार श्रम कानून में बदलाव कर रात्रि पाली में भी महिलाओं से काम करवाना चाहती है। यह महिलाओं के श्रम का शोषण के सिवा और कुछ भी नहीं है क्योंकि रात्रि पाली वाले कानून में सरकार एक तरफ कह रही है कि महिलाओं की इच्छा के विरुद्ध उनसे रात्रि पाली में ड्यूटी नहीं कर पाएगा ।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तीन की नई टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तीन अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन के बाद नई टीम का गठन किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने बताया कि उपाध्यक्ष अनुप्रिया अपाले, ख्वाजा अहमद, के वेंकट राव, आशीष यादव, कैलाश मोहंती, जी रवि, महामंत्री धीरेन्द्र मिश्रा, कुलजीत सिंह,राजेन्द्र सिंग, बसंत साहू, वीर शर्मा, अरुणा राव, ओमनाथ नेताम, अंचल चौबे, अमित उपाध्याय, परसराम, संयुक्त महामंत्री दीपक रुद्रा, विश्वनाथ पंडा, शबाना कुरैशी, श्रवण शर्मा, पी शंकर राव, नंद यादव, ए पुष्पावटी, मोना कुर्रे, डोमेश देशमुख,सुरेश श्याम कंवर, कोषाध्यक्ष आकाश यादव और प्रवक्ता सज्जाद हसन समेत अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सचिव सात, प्रचार महामंत्री चार और एक कानूनी सलाहकार प्रणय गाडगे को बनाया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि नई कार्यकारिणी में संगठन के सक्रिय, समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।



### भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक

# कार्यकर्ताओं ने पार्टी की रीति नीति पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक उज्जवल मंगल भवन कोहका में हुई। नई कार्यकारिणी ने वरिष्ठ नेताओं के समक्ष पार्टी की रीति नीति पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूर्व गृह मंत्री साहू ने कार्यकारिणी के सभी महिला पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने अपने उद्बोधन से किया।



उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दिशा निर्देश और विचार विमर्श के बाद, काफी प्रयास से उन्होंने नई कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी का एक-एक सदस्य अपने आप में लीडर है। हम सभी को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है तभी कांग्रेस मजबूत होगी। श्री चंद्राकर ने पदाधिकारियों से आव्हान किया कि वह किसी प्रकार का विवादित बयान या पोस्टर, सोशल मीडिया पर ना डालें। अपनी एनर्जी कांग्रेस को मजबूत करने में लगाएं।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस अवसर पर नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में भिलाई शहर जिला कांग्रेस न केवल मजबूत होगा बल्कि सफलता का एक नया आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने नई कार्यकारिणी का आह्वान किया कि हम सभी को कांग्रेस की रीति नीति पर चलते हुए कार्य करना है। बैठक को पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने भी संबोधित किया तथा नई कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों और सदस्यों को वरिष्ठ नेताओं ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा ने किया।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## कार्मिकों ने बांटे अपने अनुभव



अमृता गंगराड़े, शिखा दीक्षित,स्मिता जैन तथा रंजीता सोनपिपरे द्वारा कविता एवं लेख प्रस्तुत किए गए। आरएमपी 3 विभाग में भी महिला दिवस पर विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक वीके ओगले ने अपने संबोधन में महिला कार्यबल की कार्यकुशलता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभाग की नियमित एवं संविदा महिला कार्मिकों ने अनुभव बांटे। महानाई, डीके वर्मा तथा एस श्रीवास्तव व विनय कुमार पवार आदि उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## कुछ नहीं करने वाली गृहिणी भी परिवार की असली आधारशिला



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वैदिक सत्संग समिति रायपुर के तत्वावदान में दुर्ग की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों और समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उनके योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया गया।

सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली व्यवसायी हेमा सक्सेना को सामाजिक सेवा में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हेमा लंबे समय से समाज सेवा के विविध कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत रहती हैं। लेखिका और कवयित्री डॉ. अल्पना त्रिपाठी को महिलाओं के सामाजिक योगदान को रेखांकित करने के लिए विभिन्न माध्यमों से कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने महिलाओं के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करते हुए अनेक काव्य रचनाएं भी की हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 40 वर्षों तक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली शिक्षिका नीता दास को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरती श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त साधन है। वैदिक सत्संग समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और संरक्षक राकेश दुबे ने कहा कि महिलाओं का समाज के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी महिलाओं को देश, समाज और परिवार का निर्माता माना है। समिति के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि किसी भी रूप में महिलाओं की योग्यता को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। महर्षि दयानंद का वैदिक दृष्टिकोण यह मानता था कि महिलाएं वंदनीय है। उन्होंने देवताओं को जन्म दिया है। महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा करने का संकल्प भी लिया गया।

महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का अवसर

# महिला कमांडो को मिली लाठी, टॉर्च और टोपी, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने 500 हेलमेट का वितरण कर महिलाओं को किया सम्मानित

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राजेन्द्र पार्क के समीप एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही और कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने 500 से अधिक ट्रैफिक पुलिस, महिला पुलिसकर्मियों, निगम महिला कर्मचारियों और महिला वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। इसके साथ ही महिला कमांडो को उनके कर्तव्यों के बेहतर निर्वहन के लिए लाठी, टॉर्च, टोपी सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा सामग्री का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय, दुर्ग महापौर अलका बाघमार मुख्य रुप से शामिल हुए।**

**दुर्ग।** साथ ही आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, महिला एवं बाल विकास प्रभारी शशि साहू, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, लीना देवांगन, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, सीएसपी, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्रकार, माया बेलचंदन, मानसी गुलाटी सहित जनप्रतिनिधि व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, अधिकारी सहायक अभियंता गिरीश दिवान सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय और महापौर अलका बाघमार द्वारा ट्रैफिक महिला पुलिस, महिला कमांडो, महिला पुलिसकर्मियों और महिला वाहन चालकों का सम्मान किया गया। इस दौरान 500 से अधिक ट्रैफिक पुलिस, महिला पुलिसकर्मियों, निगम महिला कर्मचारियों और महिला वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए, ताकि उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। इसके साथ ही महिला कमांडो को उनके कर्तव्यों के बेहतर निर्वहन के लिए लाठी, टॉर्च, टोपी सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा सामग्री का भी वितरण किया गया। यह पहल महिला सुरक्षा बलों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए की गई।

## भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय व महापौर अलका बाघमार ने किया जागरूक

### महिलाओं के अधिकार व सम्मान को बढ़ावा देने का अवसर

इस अवसर पर डॉ. सरोज पांडेय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित करना बेहद जरूरी है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज के समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कई बार हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में महिलाओं को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना और उन्हें सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना आवश्यक है।




### सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेलमेट वितरण

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला पुलिसकर्मियों और महिला कमांडो के कार्यों का सम्मान किया गया है, जो शहर की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्हें आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराकर उनके मनोबल को भी बढ़ाया गया है। सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगी। महिला दिवस पर हेलमेट वितरण सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## बीएसपी के विभिन्न विभागों में महिला दिवस मनाया, महिला कार्मिकों के योगदान की सराहना



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्लास्ट फर्नेस विभाग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार तथा महाप्रबंधक श्रीनिवास गुज्जु भी थे। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए ब्लास्ट फर्नेस विभाग के संचालन एवं सफलता में महिला कार्मिकों के योगदान की सराहना की। बाद प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया। कार्मिकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वित्त एवं लेखा विभाग में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यपालक निदेशक निदेशक ने वित्त एवं सी एंड आईटी विभाग में कार्यरत महिला कार्मिकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) पीके चोखानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम ने महिला कार्मिकों के व्यावसायिक दायित्वों के साथ व्यक्तिगत जीवन में निभाई जाने वाली भूमिकाओं की सराहना की।

सिटी इवेंट

## सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित



**भिलाई।** कैम्प-1 अम्बेडकर नगर में भिलाई तेलुगु समाज के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद सत्या देवी जयसवाल और राज कुमार जसवाल थे। अध्यक्षता भिलाई तेलुगु समाज के अध्यक्ष बी जोगा राव ने की। मुख्य अतिथि ने महिला दिवस की विषेशता पर जोर देते हुए कहा कि महिला शक्ती मातृ शक्ती है। इस मैके पर भिलाई तेलुगु समाज द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 32 महिलाओं को प्रणाम पत्र दिए गए। निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे टीचर्स जी सुनिता, रीना कुमारी व जी श्याम मेडम को मुख्य अतिथि ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया। वहीं विद्यार्थियों को स्कूल बैग बांटे गए। इस अवसर पर भिलाई तेलुगु समाज के महासचिव वाई भास्कर राव, उपाध्यक्ष कन्नम राजेन्द्र, आरएन रामा राव, बी देवदास, के मुकेश कुमार, रमा, अनुष्का, मोनिका आदि उपस्थित थे।

## रूपाली महतारी गुड़ी संस्था ने ऑस्ट्रेलिया में गाया छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत



**भिलाई।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भिलाई की रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था की संरक्षिका अंजू देवांगन द्वारा आस्ट्रेलिया में महिला दिवस का सेलिब्रेशन किया गया। इस दौरान आस्ट्रेलिया में छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत से महिला दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं को तिलक लगाकर की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न विषयों शिक्षा, स्वास्थ्य, वृद्धा आश्रम, अनाथ आश्रम, गो सेवा, बाल सेवा, निर्धन कन्या विवाह और अन्य क्षेत्रों में सेवा का साथ बनने वाली उत्कृष्ट महिलाओं का सम्मान छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गहना मोहर से किया गया। साथ ही उनको विभिन्न नए क्षेत्रों में सहयोग देने का संकल्प दिलाकर उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान अंजू देवांगन ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है, और ऐसे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ी मदद बन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश में रहकर भी अपने देश, राज्य और समाज के लिए काम करना गर्व की बात है। भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे। उत्कृष्ट सेवा सम्मानित होने वाली महिलाओं में सिरीशा, कोकिला, शैली, प्रीति, कल्याणी, शीतल, शैलिनी, नमिशा उपस्थित रही। उन्होंने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

## स्वदेशी मेला में शामिल होने सीएम विष्णुदेव को दिया गया आमंत्रण



**भिलाई।** स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की प्रतिनिधि मंडल ने स्वदेशी मेला के संदर्भ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट की। मुख्यमंत्री को भिलाई में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने निमंत्रण प्रेषित किया गया। स्वदेशी मेला प्रांत मेला प्रमुख, अमर बंसल, प्रबंधक सुब्रत चाकी, मेला संयोजक अजय भसीन ने मुख्यमंत्री को स्वदेशी मेला भिलाई आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि इस्पात नगरी भिलाई में पहली बार इस प्रकार का किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्योगों एवं व्यापारियों को प्रोत्साहित करना तथा आमजन में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मेला संयोजक अजय भसीन और स्वागत समिति के अध्यक्ष दिनकर बासोतिया ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का निवेदन किया । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देना आत्मनिर्भर भारत और स्वावलम्बी भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने निमंत्रण स्वीकार करते हुए मेले में आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सह संयोजक, भोजराज सिन्हा, मेला स्वागत समिति सचिव दिव्य भसीन मक्कड़, समन्वयक, अजय तिवारी, सुनील मिश्रा, चिन्ना राव, विकास पांचाल आदि मौजूद थे।

- **मुख्यमंत्री से मिला स्वदेशी जागरण फाउंडेशन का प्रतिनिधि मंडल**

सिटी इवेंट

## अपनी आंखों का ख्याल रखें, क्योंकि दृष्टि ही आपकी शक्ति हैः डॉ.ऋचा



**भिलाई।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल हमें यह याद दिलाता है कि महिलाएं समाज की शक्ति, संवेदना और प्रेरणा का सबसे सुंदर रूप हैं। महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए परिवार, समाज और करियर के बीच संतुलन बनाती हैं। लेकिन इस भागदौड़ में अक्सर वे अपनी सेहत खासकर आंखों की सेहत को नज़रअंदाज़ कर देती हैं। यह बातें डॉ ऋचा वर्मा ने दुर्ग में आयोजित सेमीनार में कही। उन्होंने आगे बताया कि आज के डिजिटल दौर में महिलाओं का स्क्रीन टाइम पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। घर और ऑफिस के काम, मोबाइल का लगातार उपयोग और नींद की कमी ये सभी एक्टीविटी आंखों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसके कारण ड्राई आई, सिरदर्द, धुंधला दिखना और आंखों में जलन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। महिलाओं में कुछ आंखों की बीमारियों का खतरा भी अधिक देखा जाता है, जैसे कि ड्राई आई सिंड्रोम, ग्लूकोमा, और उम्र के साथ होने वाली मैक्युलर डिजनरेशन। हार्मोनल बदलाव, गर्भावस्था, और मेनोपॉज़ भी आंखों की सेहत को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए महिलाओं के लिए नियमित आई चेक-अप बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस महिला दिवस पर हर महिला को खुद से एक वादा करना चाहिए किमैं अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दूंगी, क्योंकि स्वस्थ आंखें ही जीवन को साफ और सुंदर बनाती हैं।

अंतिम दिन शिव विवाह प्रसंग में भक्तों ने लगाये हर-हर महादेव के जयघोष

# भगवान शिव त्याग, करुणा और लोककल्याण के प्रतीक, कौशल्या देवी साय कथा सुन हुईं भाव-विभोर

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** ग्राम थनौद में आयोजित शिव कथा के अंतिम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा के समापन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय अपने दामाद तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर के साथ कथा स्थल पहुंचीं और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान शिव त्याग, करुणा और लोककल्याण के प्रतीक हैं। शिव कथा हमें धर्म, संयम और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।





### भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग



कथा के अंतिम दिवस भगवान शिव और माता पार्वती के शिव विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे कथा पंडाल में हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया। कथा के समापन के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, क्षितिज विजय चंद्राकर, राकेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी, लव चक्रधारी, दीप सारस्वत, सरपंच मेनका देशमुख, दिनेश देशमुख, मजीद मोहम्मद, संतराम निषाद, लुकेश चक्रधारी, चिंता चक्रधारी, नितेश चक्रधारी, दिलीप यादव, आदर्श देवांगन एवं गिरधर चक्रधारी उपस्थित रहे।

सिटी इवेंट

## महिलाओं को अपनी सफलता का जश्न मनाने का दिन : रंजना



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशाका समिति एवं महिला सेल के तत्वावधान से प्राचार्य के मार्ग निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि लैंगिक समानता एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं को अपनी सफलता का जश्न मनाने का यह दिन है। संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने इस वर्ष की थीम गिव टू गेन की चर्चा की। उनके अनुसार यह अभियान उदारता और सहयोग की मानसिकता को प्रोत्साहित करता है, साथ ही ये एक वैश्विक पहल है जिसमे योगदान देने का अह्वाहन किया गया है। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, ज्योति भरणे ने महिला के समानता, अधिकार, स्थिति, कानून आदि पर अपने विचार रखे। छात्राओं में सुश्री आर्या अवस्थी, लुबना आलम ने कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाएँ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वंदना बंजारे ने किया।



समाज लाइव

## प्रश्नोत्तरी और हाउसिंग गेम ने किया रोमांचित, हुई प्रतियोगिताएं



**दुर्ग।** कर्मचारी नगर स्थित जागृति महिला समिति कर्मचारी नगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग की महापौर अलका बाघमार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग की अध्यक्ष सुश्री नीता जैन ने की, जबकि रत्ना नारमदेव और श्वेता बाकलीवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उपलब्धियों में परिवार, समाज और अन्य लोगों का सहयोग महत्वपूर्ण होता है, लेकिन सबसे पहले महिला की अपनी योग्यता, आत्मविश्वास और पहचान बनाने की क्षमता ही उसे आगे बढ़ाती है। समिति की अध्यक्ष सविता रजनीश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जागृति महिला समिति द्वारा मनोरंजक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रश्नोत्तरी, हाऊजी और 1 मिनट गेम जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में समिति की सदस्य टी. पदमा, डी. रजनी, अनु, मिनाती, तृप्ति, सोनाली, पूर्णिमा, अनीता, वाई. रजनी, रजनी जोशी, इस्मिता, विशाखा, हेमलता, राधा वर्मा, इंदु, अर्निका और विजयलक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## धोबी समाज की महिलाओं ने खेली होली



**दुर्ग।** कसारीडीह स्थित सामाजिक भवन में बैठक आयोजित की गई। इसमें 60 वार्डों से धोबी समाज के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक में 26 अप्रैल को आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह सफल बनाने पर सभी ने एक स्वर में सहमति प्रदान की। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने एक दूसरे के गुलदस्ता भेंटकर बधाइयां दी।

## सविता अध्यक्ष, कार्यकारी होंगी मीना व करूणा

**भिलाई।** तथागत समाज कल्याण समिति भिलाई से संबद्ध तथागत महिला समिति भिलाई की सर्वसम्मति से तीन पदों की नियुक्ति की गई है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अंबेडकर भवन सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युगल किशोर उर्वसा संयुक्त कलेक्टर द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। तथागत समाज कल्याण समिति के महासचिव धनंजय मेश्राम ने बताया कि अध्यक्ष सविता मेश्राम, कार्यकारी अध्यक्ष मीना नारनवरे और करुणा सहारे को नियुक्त किया गया। साथ ही पूर्व पदाधिकारी कमेटी यथावत ही रहेगी।



● संकुल स्तरीय निपुण बैठक में खैरागढ़, डोंगरगढ़, बेमेतरा व राजनंदगांव के शिक्षक हुए शामिल

# आधारभूत साक्षरता लक्ष्य को पाने समन्वित और प्रभावी प्रयासों पर दिया बल, शैक्षिक संस्कारों का दिया संदेश

**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में संकुल स्तरीय निपुण बैठक कार्यशाला का आयोजन शैक्षिक ऊर्जा से भरे वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग संकुल के प्राचार्य, प्रतिनिधि शिक्षक और विभिन्न विद्यालयों कवर्धा, सीआईएफ भिलाई, बीएमआई, दुर्ग, खैरागढ़, डोंगरगढ़, बेमेतरा तथा राजनंदगांव के शिक्षकों ने सक्रिय, सार्थक और उद्देश्यपूर्ण सहभागिता दी। कार्यक्रम की शुरुआत में संकुल प्रभारी प्राचार्य सुशील कुमार ने आए प्रतिभागियों का स्वागत हरित उपहार के माध्यम से किया। विद्यालय के प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों के साथ प्रभारी प्राचार्य ने सभी अतिथियों का अभिनंदन कर पर्यावरण संरक्षण और शैक्षिक संस्कारों का संदेश दिया। इस अवसर पर अटल टिंकरिंग लैब में विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी, बांस और अन्य सहायक सामग्रियों से निर्मित शैक्षिक मॉडलों तथा अभिनव अधिगम सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, कौशल एवं प्रयोगधर्मी सोच ने उपस्थित शिक्षकों को विशेष रूप से प्रभावित किया और विद्यालयीन नवाचार की सशक्त झलक प्रस्तुत की। सरस्वती वंदना के साथ उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण में पुष्पा बड़ा ने निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण प्राप्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए कार्यशाला को बेहतर बनाने की बातें कही। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने संगीत शिक्षिका डॉ. श्रावणी सिंह के निर्देशन में सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया।



### कार्ययोजना पर किया गया मंथन

द्वितीय सत्र में वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के प्रभावी क्रियान्वयन, अधिगम स्तर के सतत और समग्र मूल्यांकन, नवाचार आधारित शिक्षण-पद्धतियों, कक्षा-कक्ष में क्रियात्मक अधिगम वातावरण के निर्माण तथा निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ठोस एवं व्यवहारिक कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन किया गया। सुशील कुमार, भूवनेश्वरी, प्रभा मिंज, पुष्पा बड़ा, अंजय कुमार, सीमांचल प्रधान, भारती यदु, तोरण प्रसाद ठाकुर, नीतेश कुमार, फूलचंद, योगेंद्र कुमार, दानी गिरिया, विनोद कुमार परते तथा प्रभाती लता मुखर्जी ने अपने-अपने विद्यालयों में संचालित नवाचारी प्रयासों, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं चुनौतियों को तथ्यपरक ढंग से प्रस्तुत किया।



### कार्यशाला शैक्षिक संवाद का सशक्त मंच

समापन अवसर पर संकुल प्रभारी प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सामूहिक उत्तरदायित्व एवं शैक्षिक गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्य अध्यापक कमल नारायण सोनी ने सभी प्राचार्यों और प्रतिनिधि शिक्षकों के आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि प्रत्येक विद्यालय आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सुनियोजित, सतत एवं परिणामोन्मुख प्रयास करता रहेगा। प्रभारियों ने कहा कि यह कार्यशाला न केवल शैक्षिक संवाद का सशक्त मंच सिद्ध हुई, बल्कि दुर्ग संकुल की समर्पित शैक्षिक दृष्टि और सामूहिक संकल्प का प्रेरक उदाहरण भी बना है।

### विद्यार्थियों को पढ़ने समझने और लिखने में कराएं निपुण

कमल नारायण सोनी ने बताया कि निपुण कार्य योजना का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बालक निर्धारित कक्षा स्तर तक पहुंचने से पूर्व पढ़ने, समझने, लिखने एवं गणना करने की आधारभूत दक्षताओं में पारंगत हो। इस योजना के अंतर्गत प्रारंभिक कक्षाओं में अधिगम अंतर की पहचान, लक्ष्य आधारित शिक्षण, दक्षता-आधारित मूल्यांकन, सतत शिक्षक प्रशिक्षण तथा अभिभावक सहभागिता को विशेष महत्व दिया जाता है। पुष्पा बड़ा ने बताया कि समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण, मासिक प्रगति समीक्षा एवं शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में नवाचार के माध्यम से ही निपुण मिशन का उद्देश्य सार्थक रूप से पूर्ण किया जा सकता है। दुर्ग संकुल के समस्त विद्यालयों ने इसी प्रतिबद्धता के साथ प्रत्येक बालक को निपुण बनाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। कार्यशाला में चर्चा के दौरान यह स्पष्ट किया कि प्रतिबद्ध शिक्षक, प्रभावी कक्षा-प्रबंधन, समृद्ध शिक्षण-सामग्री, अभिभावक सहभागिता एवं नियमित प्रगति समीक्षा के माध्यम से निपुण लक्ष्य को सुनिश्चित किया जा सकता है।

रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान कर नारीशक्ति का सम्मान, लोगों को किया जागरूक



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भिलाई स्थित टी आई सूर्या मॉल में रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ संस्था के द्वारा नारी शक्ति का सम्मान किया गया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरणादायी महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि एएसपी ट्रैफिक दुर्ग ऋचा मिश्रा एवं डिप्टी कमांडेंट प्रज्ञा मेश्राम उपस्थित रहीं। आयोजन में रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब से माही तिवारी, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. रेखा रत्नानी, डॉ. सुमन राव, डॉ. अंजना चौधरी, डॉ. रिद्धी आरोरा सिंह, डॉ. रजनी प्रजापति, डॉ. नीलिमा बंबोड़े, डॉ. रुचि ठाकुर, डॉ. वैष्णवी, डॉ. आफरीन आफताब, जेनी व्यास, डॉ. मानसी गुप्ता, डॉ. ऋचा वर्मा, डॉ. अंगिरा शाह, गायनोकोलाजिस्ट डॉ. मानसी गुलाटी, अनुभूति भाकरे ठाकुर, यामिनी सिदार, नारायणी साहू, वेट लिफ्टर संतोष मांझी, अनुष्ठा दास, अंजली सिंह, स्मिता तांडी, निकिता डिंगा, दीपशिखा श्रीवास्तव, झरना पटेल, आशिका कोटेचा, पायल साहू, लिलेश्वरी साहू, गरिमा पंचोली, तुलसी साहू, स्वाति साहू का सम्मान हुआ।कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि कौशिक द्वारा किया गया। इस आयोजन में सूरज साहू, फाउंडर मेंबर अमित द्विवेदी, अखिलेश तिवारी और हीरा शंकर साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। मानव अधिकार संस्था के सदस्यों ने भी रक्तदान किया। संस्था के सदस्य रामकुमार साहू संदीप साहू, सुनील दहिया, शुभम शुक्ला, राजकुमार, मनीष कबीर साहू, दया दास साहू, रॉकी साहू, रक्तदान करने वाले सभी को सम्मानित किया गया।



20 को बच्चों के लिए थियेटर कार्यशाला

## बच्चों व युवाओं के लिए होगी कार्यशाला बैठक में तय हुआ सांस्कृतिक कैलेंडर



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ कवच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आने वाले महीनों में होने वाले साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक की शुरुआत महिला शक्ति को नमन करते हुए की गई। अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती और कार्यकारी अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने कहा कि समाज के सांस्कृतिक और साहित्यिक विकास में महिलाओं की भूमिका हमेशा प्रेरणादायी रही है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 मार्च को बच्चों और युवाओं के लिए थिएटर कार्यशाला, 23 मार्च को शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस, 3 अप्रैल को हिंदी रंगमंच दिवस, 29 अप्रैल को इंटरनेशनल डांस डे, 9 मई को रवीन्द्रनाथ ठाकुर जयंती और 21 जून को वर्ल्ड म्यूजिक डे पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अकादमी ने यह भी तय किया कि नाट्य प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए फेसबुक लाइव के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान राजेश जैन ने वॉयस ऑफ छत्तीसगढ़ के फेसबुक चैनल से निःशुल्क प्रसारण का प्रस्ताव भी रखा। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों और युवाओं के लिए संगीत, नृत्य, नाटक, साहित्य और चित्रकला की कार्यशालाएं आयोजित करने पर भी सहमति बनी। बैठक में सुमिता बासु पाटिल, अमृता सान्याल, समीर चक्रवर्ती, बबलू विश्वास, सिद्धार्थ चक्रवर्ती, पराग सेनगुप्ता, शांतनु दासगुप्ता, गोकुल वर्मा, फरीदी निसार आदि उपस्थित थे।

महिलाओं का हुआ सम्मान, प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखा उत्साह

# वरिष्ठ महिलाओं ने पिरामिड और रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी, रैंप वाक और छुपा रुस्तम में मारी बाजी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** परिवार एवं समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। रिश्तों में आ रही गिरावट और आए दिन हो रहे लड़ाई झगड़े, हत्या, बलात्कार आदि की घटनाएं हो रही है। अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने में महिलाओं की महती भूमिका होती है। यह बातें भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने सियान सदन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। हाउसिंग बोर्ड भिलाई में महिलाओं के लिए अनेक रोचक प्रतियोगिताएं और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए आयोजित रोचक एवं मनोरंजक खेलों में छुपा रूस्तम, चारों खाने चित, रैंप वाक, हाऊजी, प्रश्नोत्तरी, नृत्य, गीत एवं नाटक आदि का आयोजन किया गया। योगा ग्रुप की महिलाओं ने आकर्षक पिरामिड का निर्माण कर वाहवाही लूटी। सभी कार्यक्रमों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं पुरस्कार जीते। सभी विजेताओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।





### 8 सशक्त महिलाएं हुई सम्मानित

आइस्कान की राष्ट्रीय सहसचिव यमला साहू, दिव्या भसीन, हेलपेज इंडिया के राज्य प्रमुख सुभांकर बिस्वास, भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन और लोकार्पण समिति के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में महिला सशक्तिकरण में विशिष्ट योगदान देने वाली अंचल की 8 महिलाओं छाया विश्वकर्मा, अर्चना मूले, तृप्ति नंदी, तारा विश्वकर्मा, लावण्या डे, सुरेखा महोबे, अंजना सातपुते एवं ललिता श्रीवास का सम्मान किया गया।

### महिलाएं हर तरह के कार्य करने में सक्षम : दिव्या

इस दौरान सुभांकर बिस्वास ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार और कर्तव्य मालूम होना चाहिए तभी महिला सशक्तिकरण सफल होगा। यमला साहू ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए उन्हें आगे आने एवं घर परिवार, समाज सहित हर जगह जिम्मेदारी निभाने की अपील की। दिव्या भसीन ने महिलाओं की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं हर तरह के कार्य करने में सक्षम है। इस्माइल खान ने कहा कि वे जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन छाया विश्वकर्मा एवं आभार प्रदर्शन अर्चना मूले ने किया ने किया। समारोह में महासंघ के कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अर्चना मूले, लोकार्पण समिति के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, पार्षद प्रदीप सेन, रतनलाल गोयल, एस के नंदी, छाया विश्वकर्मा, कृष्णराव गुजर, मंगलूराम देवांगन, हुकुमचंद देवांगन, एम.आर. निराला, मंदा वासनकर, शोभा गुजर, तृप्ति नंदी, मुकेश कुमार, तारा विश्वकर्मा, लावण्या डे, सुरेखा महोबे, अंजना सातपुते एवं ललिता श्रीवास आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष वर्ग उपस्थित थे।

सिटी स्पोर्ट्स

# 14 मार्च से मकर, कुंभ, मिथुन, वृष राशि वालों की बल्ले-बल्ले



ज्योतिषीय गणना के अनुसार 14 मार्च से बुध ग्रह उदय होने जा रहे हैं। बुध ग्रह कुंभ राशि में उदित होंगे। विशेष रूप से मकर, कुंभ, मिथुन और वृष राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक उन्नति और करियर में तरक्की के संकेत दे सकता है। जब कोई ग्रह सूर्य के अत्यधिक समीप होने के कारण कुछ समय के लिए दिखाई नहीं देता, तो उसे अस्त कहा जाता है। इस ग्रह परिवर्तन से इन राशियों को हो सकता है लाभ।


**मिथुन राशि :** बुध ग्रह आपकी राशि के स्वामी माने जाते हैं। साथ ही बुध ग्रह आपकी राशि से भाग्य स्थान पर उदित होंगे। इसलिए इस दौरान व्यापार में नई योजनाएं सफल हो सकती हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आय के नए स्त्रोत बनने की संभावना है। निवेश से भी लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। वहीं किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**वृष राशि :** बुध ग्रह वृष राशि की गोचर कुंडली के कर्म भाव पर उदित होंगे। इस समय रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं और व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। साझेदारी के काम में भी सफलता मिलने के संकेत हैं। परिवार के साथ समय अच्छा बीत सकता है। धन संचय के योग बन सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं नौकरीपेशा लोगों का प्रमोशन होने की संभावना है।

**मकर राशि :** बुध ग्रह आपकी राशि से धन और वाणी भाव पर उदित होने जा रहे हैं। इस दौरान व्यापार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं और नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। निवेश से लाभ मिलने की संभावना बन रही है। आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** बुध ग्रह आपकी ही राशि में उदित होने जा रहे हैं। इस दौरान आर्थिक योजनाएं सफल हो सकती हैं। व्यापार में अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। समाज में मान-सम्मान भी बढ़ सकता है। इस समय आपको मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

# 15 मार्च से मिथुन, कर्क व धनु राशि का शुरू होगा गोल्डन टाइम



वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 15 मार्च को सूर्य राशि परिवर्तन करके अपने मित्र गुरु की राशि मीन में प्रवेश कर जाएंगे। जहां पर शुक्र और शनि के साथ युति करके त्रिग्रही और शुक्रादित्य राजयोग का निर्माण करेंगे। सूर्य के त्रिग्रही योग का निर्माण करने से इन तीन राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है। ये विश्लेषण चंद्र राशि के आधार पर किया जा रहा है। जानें इन लकी राशियों के बारे में.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के तीसरे भाव के स्वामी होकर सूर्य दशम भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए त्रिग्रही योग काफी लाभकारी हो सकता है। इस राशि के जातकों को करियर में काफी अच्छे अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से किसी काम में मेहनत कर रहे हैं, तो उसमें सफलता हासिल हो सकती है। जीवन में भौतिक सुखों की वृद्धि हो सकती है।

**कर्क राशि :** सूर्य, शुक्र और शनि का त्रिग्रही योग कर्क राशि के जातकों को खूब लाभ दिला सकता है। इस राशि के जातकों को भाग्य का पूरा साथ मिल सकता है। धन की प्राप्ति हो सकती है। आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। छात्रों के लिए ये अवधि काफी लाभकारी हो सकती है। उच्च शिक्षा पाने का सपना पूरा हो सकता है। वैवाहिक जीवन में चली आ रही समस्याएं समाप्त हो सकती है।

**धनु राशि :** धनु राशि में सूर्य चतुर्थ भाव में गोचर करेंगे। भाग्य भाव के स्वामी सूर्य के होने के कारण इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। इस भाव को सुख का स्थान कहा जाता है। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए त्रिग्रही योग कुछ लाभ लेकर आ सकता है। भूमि, भवन और वाहन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है।

बाजार में मिलने वाले पेय स्वाद सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं

# गर्मियों के दौरान बच्चों को पिलाएं स्वास्थ्यवर्धक पेय, दिनभर रहेंगे तरोताजा, मिलेगी एनर्जी

गर्मियों में बच्चों को पानी की कमी का खतरा ज्यादा होता है क्योंकि इस मौसम में पसीना अधिक आता है। ऐसे में बच्चों को भरपूर मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन कराना जरूरी है। उनके लिए पानी से लेकर फलों के रस तक कई सेहतमंद पेय उपलब्ध हैं, लेकिन इनकी जगह बाजार में मिलने वाले पेय न दें क्योंकि उनमें मौजूद अप्राकृतिक रंग और स्वाद सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं। आइए कुछ स्वास्थ्यवर्धक पेय की रेसिपी जानते हैं।



## आम का पना

आम पना न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि गर्मियों में इसकी ठंडक भी काफी राहत देती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले 2 कच्चे आमों को छिलकर उनके टुकड़े कर लें, फिर इन्हें मिक्सी में पीसें। अब इसमें भुना जीरा पाउडर, काला नमक, पिसी शक्कर और पुदीना पाउडर मिलाएं। इसके बाद मिक्सी में थोड़ा पानी डालकर पीसें। अब इस मिश्रण को एक गिलास में भरकर इसमें बर्फ के टुकड़े डालें और बच्चों को इसे परोसें।

## तरबूज का रस

तरबूज का रस विटामिन-सी, विटामिन-ए, पोटेशियम और मैग्नेशियम से भरपूर होता है, जो गर्मियों के लिए आदर्श पेय है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले जरूरी मात्रा में तरबूज के टुकड़े कर लें, फिर इन्हें मिक्सी में पीसकर इसका रस निकालें। अब इस रस में नींबू का रस और स्वादानुसार शक्कर मिलाएं। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालकर बच्चों को यह पेय परोसें। आप चाहें तो इसमें पुदीने की पत्तियां भी मिला सकते हैं।

## खीरे का रस

खीरे में प्राकृतिक रूप से नमक होता है, जो शरीर को तरोताजा रखने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक खीरे को छिलकर उसके टुकड़े कर लें, फिर इन्हें मिक्सी में पीसें। अब इसमें थोड़ा पानी डालकर इसे अच्छे से पीसें। इसके बाद खीरे के मिश्रण को एक गिलास में छानकर डालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाएं। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालकर बच्चों को परोसें।

## छाछ

छाछ का सेवन गर्मियों में न केवल बच्चों को ठंडक देता है, बल्कि यह पाचन क्रिया को भी स्वस्थ रखता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास छाछ में स्वादानुसार शक्कर और एक चुटकी काला नमक मिलाएं। आप चाहें तो इसमें थोड़ी भुना जीरा पाउडर भी मिला सकते हैं। यह पेय बच्चों को तरोताजा रखने में भी मदद कर सकता है।

## नींबू पानी

नींबू पानी में विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास पानी में नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें स्वादानुसार शहद डालकर इसे अच्छे से मिलाएं। आप चाहें तो इसमें पुदीने की पत्तियां भी डाल सकते हैं। यह पेय न केवल बच्चों को तरोताजा रखेगा, बल्कि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती प्रदान करेगा।

# मेहमानों को परोसना है कुछ बेहतरीन तो बनाएं विभिन्न प्रकार की स्वादिष्ट कचौड़ियां



कचौड़ी एक लोकप्रिय भारतीय नाश्ता है, जो अपने कुरकुरे और मसालेदार स्वाद के लिए जाना जाता है। आमतौर पर लोग इसे दाल से बनाना पसंद करते हैं और चाय के साथ इसका आनंद लेते हैं। हालांकि, कचौड़ी कई तरह की बनाई जा सकती हैं, जो एक से बढ़कर एक होती हैं। आज के लेख में हम आपको विभिन्न प्रकार की कचौड़ियों की रेसिपी बताने वाले हैं। ये घर आए मेहमानों को परोसने के लिए बढ़िया रहेंगी।

**आलू की कचौड़ी:** आलू की कचौड़ी आसानी से बन जाती हैं और इनका स्वाद बहुत अच्छा होता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले उबले हुए आलू को मैश करें और उसमें हरी मिर्च, अदरक, धनिया पत्ती और पसंद के मसाले मिलाएं। अब इस मिश्रण को आटे की लोई में भरकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। इन्हें गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें और कुरकुरा हो जाने दें। इन्हें हरी धनिया की चटनी या इमली की चटनी के साथ गर्मा-गर्म परोसें।

**प्याज की कचौड़ी :** प्याज की कचौड़ी भी काफी पसंद की जाती है, जो राजस्थान में काफी लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बारीक कटे हुए प्याज को बेसन, हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और मसालों के साथ मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को आटे की लोई में भरकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। फिर इन्हें गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। यह कचौड़ी लहसुन की चटनी के साथ सबसे स्वादिष्ट लगती है।

**मटर की कचौड़ी :** मटर की कचौड़ी एक शानदार विकल्प हो सकती है, जो सर्दियों में खास तौर से बनती है। इसके लिए सबसे पहले उबली हुई हरी मटर को पीस लें और उसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और मसाले डालकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को आटे की लोई में भरकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। फिर इन्हें गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें।

**मूंग दाल की कचौड़ी :** मूंग दाल की कचौड़ी एक सेहतमंद नाश्ता हो सकती है, जिसे आप अपने परिवार को खुश करने के लिए बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले पीली मूंग दाल को रातभर पानी में भिगो दें। सुबह इसे पीसकर उसका मिश्रण तैयार करें, जिसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और मसाले मिलाएं।

# जिमीकंद से बनाकर खाएं पौष्टिक व स्वादिष्ट व्यंजन, जो बिना तले हो जाते हैं तैयार



जिमीकंद एक सेहतमंद सब्जी है, जो स्वाद में भी लाजवाब होती है। आमतौर पर इसे तलकर ही पकाया जाता है, जिससे इसका पोषण काफी कम हो जाता है और कैलोरी बढ़ जाती हैं। आज हम आपको जिमीकंद के कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें बिना तलकर बनाया जा सकता है। ये व्यंजन न केवल सेहत के लिए अच्छे हैं, बल्कि स्वाद में भी बेहतरीन होते हैं। आइए बिना तलकर बनाए जाने वाले जिमीकंद के व्यंजनों के बारे में जानें।

**जिमीकंद का हलवा :** जिमीकंद का हलवा एक अनोखी और स्वादिष्ट मिठाई है, जो पारंपरिक हलवे से हटकर है। इसके लिए सबसे पहले जिमीकंद को उबालकर उसका गूदा निकाल लें। इसके बाद इसमें दूध, चीनी और घी मिलाकर पकाएं। उसमें इलायची पाउडर और काजू-बादाम डालकर सजाएं। इसे धीमी आंच पर पकने दें, जब तक कि इससे अच्छी खुशबू न आने लग जाए। जब हलवे की स्थिरता गाढ़ी हो जाए तो उसे परोस लें और घर में सभी को खिलाएं।

**जिमीकंद की टिक्की :** जिमीकंद की टिक्की एक बेहतरीन नाश्ता है, जिसे आप चाय-कॉफी के साथ परोस सकते हैं। इसके लिए उबले हुए जिमीकंद को मैश करके उसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और नमक मिलाएं। इस मिश्रण के छोटे-छोटे गोले बनाकर तवे पर हल्का तेल डालकर सुनहरा होने तक सेंके। टिक्कियों को दोनों तरफ से भूरा हो जाने दें, ताकि वे कुरकुरी बनें। इनका मजा हरी चटनी, टमाटर की चटनी या फिर सॉस के साथ लिया जा सकता है।

**जिमीकंद की सब्जी :** जिमीकंद की सब्जी एक सेहतमंद और स्वादिष्ट व्यंजन है, जिसे आप रोजमर्रा के खान-पान में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और अदरक-लहसुन के पेस्ट को तेल में भूनें। इसके बाद इसमें हल्दी, धनिया पाउडर और लाल मिर्च डालकर जैसे मसालों को अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें कटे हुए जिमीकंद डालकर पकाएं, जब तक वे नरम न हो जाएं। अंत में हरी धनिया से सजाकर गर्मा-गर्म रोटी या चावल के साथ परोसें।



# कैफीन से जुड़े हैं कई भ्रम जो गलत होने के साथ ही साथ करते हैं कनफ्यूज

कैफीन एक प्राकृतिक उत्तेजक है, जो चाय और कॉफी जैसे पेय में पाया जाता है। इसके बारे में कई भ्रम प्रचलित हैं, जिन्हें जानकर आपको हैरानी होगी। ये भ्रम न केवल गलत हैं, बल्कि लोगों को गलत जानकारी भी देते हैं। इस लेख में हम कैफीन से जुड़े प्रमुख भ्रमों को बारीकी से समझेंगे और उनकी सच्चाई जानेंगे, ताकि आप सही जानकारी के आधार पर अपनी जीवनशैली में बदलाव कर सकें।

**भ्रम-1: कैफीन की लत लग जाती है**

बहुत से लोग मानते हैं कि कैफीन की लत लग जाती है और इसे छोड़ना मुश्किल होता है। सच्चाई यह है कि कैफीन का सेवन धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। अगर आप इसे धीरे-धीरे कम करेंगे तो आपको कोई समस्या नहीं होगी। अचानक बंद करने पर सिरदर्द हो सकता है, लेकिन इसे धीरे-धीरे कम करने पर ऐसा नहीं होता। इसलिए, बिना किसी डर के अपनी कैफीन की आदत को धीरे-धीरे कम करें।



**भ्रम-2: कैफीन सेहत के लिए खराब होता है**

एक सामान्य भ्रम यह भी है कि कैफीन सेहत के लिए खराब होता है। हालांकि, अगर आप सीमित मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो यह आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। कैफीन आपके शरीर की ऊर्जा को बढ़ा सकता है, जिससे वजन नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा कैफीन से मानसिक सतर्कता भी बढ़ती है। इसलिए, इसे सीमित मात्रा में लेना चाहिए, ताकि इसके फायदे मिल सकें।

**भ्रम-3: कैफीन बच्चों और गर्भवती महिलाओं को लेकर**

यह भी एक आम गलतफहमी है कि कैफीन बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं होता। सच तो यह है कि थोड़ी मात्रा में कैफीन बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित हो सकता है। हालांकि, इसे अधिक मात्रा में लेने से बचना चाहिए। अगर आप इन दोनों समूहों में से किसी को कैफीन देना चाहते हैं तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। डॉक्टर इस बारे में आपको सही जानकारी दे सकेंगे।

## भ्रम-4: कैफीन से नींद नहीं आती

क्या आपको लगता है कि कैफीन का सेवन करने के बाद आपको नींद नहीं आती? अगर आपका जवाब हां है तो आपको बता दें कि यह बात सच है। कैफीन आपकी नींद को प्रभावित कर सकता है, खासकर अगर आप इसे सोने से पहले लेते हैं। इसलिए, रात के समय कैफीन का सेवन करने से बचना चाहिए, ताकि आपकी नींद पूरी हो सके और आप अगले दिन तरोताजा महसूस करें।

## भ्रम-5: कैफीन से शरीर में पानी की कमी होती है

यह सबसे पुराने भ्रमों में से एक है कि कैफीन के सेवन से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। हालांकि, सच यह है कि सामान्य मात्रा में कैफीन लेने पर ऐसा कुछ नहीं होता। हालांकि, अगर आप बहुत ज्यादा मात्रा में इसे लेते हैं तो आप डिहाइड्रेटेड महसूस कर सकते हैं।इसलिए, कैफीन को लेकर बने इन भ्रमों को तोड़ते हुए सही जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है, ताकि हम इसका सही तरीके से उपयोग कर सकें।

कार्नर न्यूज

आपके कपड़ों के आधार पर आपके बारे में राय बना लेते हैं

# आपका पहनावा बता देता है आपका व्यक्तित्व लोग सबसे पहले नोटिस करते हैं कुछ खास चीज

चाहे आप किसी पार्टी में हों, किसी इवेंट में हों, या शॉपिंग कर रहे हों, जिन लोगों को आप जानते भी नहीं हैं, वे आपके कपड़ों के आधार पर आपके बारे में राय बना लेते हैं। आपकी पर्सनैलिटी को आपके कुछ बोलने से पहले ही जज कर लिया जाता है। आइए ड्रेसिंग के बारे में कुछ दिलचस्प बातें जानें।



## ब्रांड्स बहुत कुछ कहते हैं

आप जो कपड़े और एक्सेसरीज़ पहनते हैं, उनके ब्रांड आपके स्टाइल के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। लोगो देखकर लोग सोचते हैं कि आप डिज़ाइनर चीज़ों के फैन हैं, जबकि बिना ब्रांड वाली चीज़ें वैसा इंप्रेशन नहीं देतीं।

## आपके जूतों की हालत

घिसा हुआ चमड़ा, फटे हुए सोल, या गंदे स्नीकर्स लोगों को यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि आप लापरवाह हैं और डिटेल्स पर ध्यान नहीं देते हैं।

## आपके कपड़ों की फिटिंग

लोग आपके कपड़ों के बारे में सबसे पहले जो चीज़ नोटिस करते हैं, वह है फिटिंग। अगर आपके कपड़े बहुत टाइट हैं, तो वे अनकम्फर्टेबल लगते हैं, और बहुत ढीले कपड़े यह इंप्रेशन देते हैं कि आप कुछ छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

## आपके कपड़ों का रंग कुछ कहता है

रंगों का गहरा मनोवैज्ञानिक असर होता है। आपके कपड़ों में हल्के रंग लोगों को यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि आप एनर्जेटिक और मिलनसार हैं। दूसरी ओर, गहरे रंग एक सीरियस पर्सनैलिटी का संकेत देते हैं। रंगों का मिश्रण आपको लापरवाह दिखा सकता है।

## अगर आपके कपड़े बहुत ज़्यादा रिवीलिंग हैं

बहुत ज़्यादा रिवीलिंग या बोल्ड आउटफिट लोगों को यह सोचने पर मजबूर करता है कि आप अटेंशन पाने के लिए बेताब हैं। कुछ लोग इसे मौके के लिए गलत चॉइस भी मानते हैं।



## मौके के हिसाब से सही कपड़े पहनें

अगर आप किसी फॉर्मल इवेंट में बहुत कैज़ुअल कपड़े पहनते हैं, तो लोग सोचेंगे कि आप अजीब हैं या थोड़े बदतमीज़ हैं।


## हद से ज़्यादा करना

अगर किसी ने अपने आउटफिट पर बहुत ज़्यादा मेहनत की है, तो यह भी काफी ध्यान देने वाली बात होती है। उदाहरण के लिए, बहुत ज़्यादा भड़कीले रंग या बहुत ज़्यादा एक्सेसरीज़ पहनना। स्टाइलिश और साथ ही नैचुरल दिखने के लिए बैलेंस ज़रूरी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सिंगर रिहाना के घर पर बरसी गोलियां, संदिग्ध महिला अरेस्ट



हॉलीवुड की फेमस पॉप स्टार सिंगर रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर पर गोलीबारी की खबर है। बताया जा रहा है कि उस वक्त सिंगर बेवर्ली हिल्स स्थित अपने घर में मौजूद थीं जब ये गोलीबारी हुई। वहीं एक गोली उनके घर की दीवार को आर-पार करके निकल गई। पिछले कुछ समय में बॉलीवुड सितारों के घर पर हुए फायरिंग के बाद अब हॉलीवुड स्टार के घर पर भी एक ऐसी ही फायरिंग की घटना सामने आई है। कहा जा रहा है कि हॉलीवुड की पॉप्युलर सिंगर रिहाना के घर के बाहर गोलीबारी की गई। बताया जा रहा है कि पॉप स्टार रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के बाहर एक महिला ने कई गोलियां चलाईं। इस दौरान एक गोली घर की दीवार से आर-पार होने की भी बात सामने आई है। अप्रैल 2024 में सलमान खान के बांद्रा स्थित घर 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' पर गोलीबारी के बाद कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट और रोहित शेट्टी के घर पर भी निशाना साधा गया था। फायरिंग के वक्त सलमान और रोहित शेट्टी अपने-अपने घर पर ही मौजूद थे और रिहाना के मामले में भी यही बात सामने आई। अब 'लॉस एंजिल्स टाइम्स' और 'एनबीसी4' ने लॉस एंजिल्स पुलिस के हवाले से बताया कि रिहाना के घर फायरिंग मामले में अधिकारियों ने एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया है। ये घटना वहां के समय से रविवार दोपहर 1:21 बजे हुई और इस मामले में जांच में जुटी पुलिस ने एक 30 वर्षीय महिला को हिरासत में लिया है।

### टॉलीवुड

## कमल हासन को एक दिन के शूट के लिए दिए गए थे 1 मिलियन डॉलर



फिल्ममेकर-एक्टर युगी सेतु ने हाल ही में 'कल्कि 2898 एडी' में कमल हासन की फीस का खुलासा किया, जिसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' (2024) के सीक्वल में कमल हासन की भूमिका और भी बड़ी होने वाली है। इसी बीच फिल्ममेकर-एक्टर युगी सेतु ने हाल ही में एक इंटरव्यू में उनकी फीस को लेकर बड़ा दावा किया है। युगी सेतु के मुताबिक, फिल्म के पहले पार्ट के लिए कमल हासन को एक दिन के शूट के लिए 1 मिलियन डॉलर दिए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि इतनी बड़ी रकम की वजह से कमल हासन भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेता बन गए हैं। हालांकि, बाद में युगी ने बताया कि जब उनकी मुलाकात फिल्म के प्रोड्यूसर अश्विनी दत्त से हुई, तो उन्हें असली फीस का पता चला। युगी सेतु ने इंडियाग्लिट्स से बातचीत में कहा, 'कमल सर का स्टेटस ही ऐसा है। उन्हें 'कल्कि 2898 एडी' के लिए 20 दिनों की कॉल शीट के बदले 150 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। उनके जन्मदिन पर मैंने उनसे कहा था कि वह भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं और उन्हें एक दिन के लिए 1 मिलियन डॉलर मिल रहे हैं, क्योंकि 20 दिनों के लिए उन्हें 150 करोड़ रुपए दिए गए।' उन्होंने आगे बताया कि कमल हासन ने उन्हें फिल्म के प्रोड्यूसर अश्विनी दत्त से मिलवाया। युगी ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि हमारे दोस्त को भारत का सबसे ज्यादा फीस लेने वाला एक्टर बनाने के लिए धन्यवाद। जब मैंने कहा कि 20 दिनों के लिए 150 करोड़ रुपये, तो उन्होंने जवाब दिया- 'नहीं सर, उन्होंने सिर्फ 10 दिन शूट किया है।'

### भोजपुरी

## भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम ने अनुराग को दी हिम्मत



भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी, जिन्होंने पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे सुपरस्टार्स के साथ काम किया है, उन्होंने अस्पताल में जिंदगी के लिए लड़ाई कर रहे अनुराग डोभाल के लिए एक पोस्ट लिखा है। सोशल मीडिया की दुनिया में मशहूर यूट्यूबर और 'बिग बॉस 17' के पूर्व कंटेस्टेंट अनुराग डोभाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उनके साथ हुई एक गंभीर घटना ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चिंता में डाल दिया। बताया जा रहा है कि मानसिक तनाव से जूझ रहे अनुराग ने अपनी जान देने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस खबर के सामने आते ही उनके चाहने वालों ने उनके समर्थन में आवाज उठाई। इसी बीच भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी भी अनुराग के सपोर्ट में उतरी। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अनुराग के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और लोगों से सकारात्मक सोच बनाए रखने की अपील की। नीलम गिरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अनुराग डोभाल को हिम्मत रखने का हौसला दिया। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मजबूत बने रहें और जल्दी ठीक हो जाओ। जिंदगी बहुत सुंदर है। भगवान जी आपके साथ हैं, अनुराग डोभाल।'उनका ये सोशल मीडिया पोस्ट अब तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। नीलम गिरी का कहना है कि जीवन में मुश्किल समय जरूर आता है, लेकिन ऐसे समय में इंसान को टूटने के बजाय मजबूत बने रहना चाहिए। दरअसल, अनुराग डोभाल को लेकर जो खबर सामने आई, उसने सोशल मीडिया पर बड़ी चर्चा छेड़ दी। बताया जाता है कि वह मानसिक रूप से काफी परेशान थे। इसी बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर तेज रफ्तार से कार चलाते हुए अपनी जान लेने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी की परेशानियों और अकेलेपन के बारे में बात भी की। लाइव वीडियो के दौरान अचानक उनकी कार का नियंत्रण बिगड़ गया और वह सड़क के डिवाइडर से टकरा गए।

---

सारा तेंदुलकर का अपने छोटे भाई अर्जुन तेंदुलकर की शादी में बेहद सुंदर लुक देखने को मिला। हसीना ने गुलाबी रंग की साड़ी पहनी और अपनी खूबसूरती का जादू चला गईं। सारा ने अपने लुक को फाइनल टच ग्रीन और वाइट पर्ल्स वाली जूलरी के साथ दिया। जहां उनके लेयर्ड गोल्डन डिटेलिंग वाले नेकपीस में लाइट ग्रीन पर्ल्स लगे हैं, तो इयररिंग्स की चेन और मांग टीका वाइट पर्ल्स वाला है। जिसने उनकी साड़ी की बखूबी कॉम्प्लिमेंट किया तो पिंक ग्लॉसी लिप्स और हाफ पिनअप हेयर स्टाइल किए सारा ने हाथों में चूड़ियां पहनकर सारा का लुक पूरा हुआ।

**भाई की शादी में सारा ने लूटी महफिल**




**लाइफ स्टाइल**

## वसंत के मौसम की शादियों के लिए इस तरह से तैयार हों महिलाएं, लगेंगी बेहद सुंदर

वसंत ऋतु में होने वाली शादियों का मौसम न केवल खुशियों से भरा होता है, बल्कि इसमें फैशन का भी खास ध्यान रखा जाता है। इस मौसम में हल्की और आरामदायक पोशाकें चुनना सबसे अच्छा होता है। भारतीय शादियों में पारंपरिक और आधुनिकता का मेल होता है, इसलिए सही कपड़े चुनना बहुत जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जो आपको वसंत ऋतु की शादियों में स्टाइलिश और आरामदायक लुक देंगे।

**हल्के रंगों का चयन करें :** वसंत ऋतु के लिए हल्के रंगों का चयन करना सबसे अच्छा होता है। गुलाबी, पीला, हरा और नीला जैसे हल्के रंग इस मौसम में बहुत पसंद किए जाते हैं। ये रंग न केवल आपको ताजगी देंगे, बल्कि आपको सबसे अलग भी दिखाएंगे। इन रंगों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप हल्की कढ़ाई वाले कपड़े चुन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगे। इसके अलावा ये रंग गर्मी से भी आपको बचाएंगे।

**आरामदायक कपड़े चुनें :** शादी चाहे कितनी भी बड़ी हो, आपको पूरे दिन आरामदायक महसूस होना चाहिए। ऐसे में सूती या लिनन जैसे हल्के कपड़ों का चयन करें, जो आपको ठंडक देंगे और पूरे दिन आरामदायक बनाए रखेंगे। इसके अलावा इन कपड़ों की देखभाल करना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक टिके रहते हैं। आप चाहें तो इन कपड़ों पर हल्की कढ़ाई या एम्ब्रॉयडरी करवा सकती हैं, जिससे उनका लुक और भी खास लगेगा।



**हल्के गहने पहनें :** भारतीय शादियों में गहनों का अहम स्थान होता है, लेकिन भारी गहने पहनना पूरे दिन मुश्किल हो सकता है। ऐसे में हल्के गहने जैसे चूड़ियां, झुमके या हार पहनें। ये बिना किसी बोझ के आपके लुक को पूरा करेंगे।

### जूते-चप्पल पर ध्यान दें

जूते-चप्पल का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आरामदायक हों, क्योंकि शादी में बहुत देर तक खड़ा रहना पड़ता है। फ्लैट या कम ऊंचाई वाली चप्पलें चुनें, जो आपके पैरों को आराम देंगी और पूरे दिन आपको थकान महसूस नहीं होगी। इसके अलावा इन जूतों की देखभाल करना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक टिके रहते हैं। आप चाहें तो अपने जूतों पर थोड़ी-सी कढ़ाई या एम्ब्रॉयडरी करवा सकती हैं, जिससे उनका लुक बेहतर हो जाएगा।

---

## भारतीय फैशन में छा रहे ऐसे कपड़े जिन्हें पहनकर दिखेंगी आप स्टाइलिश

**फैशन**





भारत का फैशन अपने अलग-अलग रंगों और परंपराओं के कारण मशहूर है। हर साल गर्मियों में नए कपड़ों के चलन आते हैं। इस बार भी कुछ ऐसे खास कपड़े हैं, जो भारतीय महिलाओं को गर्मियों में ठंडक और आराम देंगे। आइए आज हम आपको ऐसे कपड़ों के बारे में बताते हैं, जो न केवल आरामदायक हैं, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाएंगे। आप इन्हें अलमारी का हिस्सा जरूर बनाएं।

**बंधेज प्रिंट :** बंधेज प्रिंट का चलन पिछले कुछ सालों की तरह ही इस बार भी बरकरार है। यह प्रिंट न केवल देखने में सुंदर लगता है, बल्कि इसे पहनने पर भी आरामदायक महसूस होता है। बंधेज प्रिंट वाले कुर्ते, सलवार या साड़ी गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं और आपको ठंडक देते हैं। इन प्रिंट का रंग और डिजाइन आपके लुक को खास बना देते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिखेंगी।

**खादी कपड़े :** खादी एक ऐसा कपड़ा है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ बहुत अच्छा भी दिखता है। खादी के कुर्ते या साड़ी पहनकर आप न केवल अपने पर्यावरण प्रेम को दर्शाती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी लगती हैं। खादी की खासियत यह है कि यह त्वचा को हवा लगने देता है और गर्मियों में ठंडक प्रदान करता है। इसके अलावा खादी के कपड़े पहनने पर आपको एक अलग ही शाही अंदाज मिलता है।

**चंदेरी रेशम :** चंदेरी रेशम एक ऐसा कपड़ा है, जो शाही अंदाज देता है। चंदेरी रेशम की साड़ियों या सूट हर त्योहार या विशेष अवसर पर पहनने के लिए बेहतरीन विकल्प होते हैं। इनका हल्का वजन और चमकदार फिनिश इन्हें खास बनाती है। चंदेरी रेशम पहनकर आप न केवल सुंदर दिखती हैं, बल्कि आरामदायक भी महसूस करती हैं। इसके अलावा चंदेरी रेशम के कपड़े पहनने पर आपको एक अलग ही शाही अंदाज मिलता है।


**बागरू प्रिंट :** राजस्थान के बागरू प्रिंट वाले कपड़े अपने अनोखे डिजाइन और रंगों के कारण मशहूर होते जा रहे हैं। बागरू प्रिंट की कुर्तियां या सलवार-कुर्ता पहनकर आप अपने रोजमर्रा के लुक में एक नया ट्विस्ट ला सकती हैं। इन सभी कपड़ों की खासियत यह है कि ये न केवल आपको स्टाइलिश दिखाएंगे, बल्कि गर्मियों की उमस से भी बचाएंगे।

---

## बदलते मौसम के लिए परफेक्ट हैं पेस्टल रंग के कपड़े, पहनकर लगेंगी सबसे सुंदर

बदलते मौसम के साथ कपड़ों के रंगों में भी बदलाव जरूरी हो जाता है। खासतौर से जब बात बसंत की आ रही हो तो पेस्टल रंग के कपड़े आपके लिए एकदम सही रहेंगे। पेस्टल रंग न सिर्फ आंखों को सुकून देते हैं, बल्कि आपको नाजुक और आकर्षक लुक भी प्रदान करते हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको ऐसे रंग के पेस्टल कपड़ों के विकल्प बताने वाले हैं, जिन्हें बसंत के दौरान पहनकर आप सबसे सुंदर दिखेंगी।

**हल्के गुलाबी रंग की कुर्ती :** हल्के गुलाबी रंग की कुर्ती हमेशा से ही महिलाओं के बीच पसंदीदा रही है। यह रंग न केवल आरामदायक होता है, बल्कि इसमें एक खास तरह की सुंदरता भी होती है। आप इसे जींस या लेगिंग के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इसके अलावा हल्के गुलाबी रंग का दुपट्टा भी इस लुक को पूरा कर सकता है। आपको लेगिंग या जींस का रंग भी कुर्ती से मेल खाता ही चुनना चाहिए।



### नीले रंग का सलवार-कुर्ता

नीला रंग हमेशा से ही महिलाओं पर अच्छा लगता आया है। खासकर जब बात पारंपरिक कपड़ों की हो, तो नीला रंग अपने आप में एक अलग ही आकर्षण प्रदान करता है। आप नीले रंग का सलवार-कुर्ता सेट चुन सकती हैं, जिसमें हल्की कढ़ाई हो। यह न केवल अच्छा दिखेगा, बल्कि आपको एक शाही अंदाज भी दे सकता है। इसके साथ सफेद या हल्के गुलाबी रंग का दुपट्टा भी अच्छा लगेगा।

**पीले रंग का लहंगा चोली :** अगर आप किसी खास मौके पर नाजुक दिखना चाहती हैं तो पीले रंग का लहंगा चोली एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। पीला रंग बसंत के मौसम की झलक देता है और एक खास लुक प्रदान करता है। इसमें हल्की कढ़ाई या चमकदार पत्थरों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे यह और भी आकर्षक लगेगा।

---

## गर्मियों के दौरान स्टाइलिश दिखने के लिए पहनें आरामदायक क्लासिक प्रिंट वाले कपड़े

गर्मियों में कपड़े चुनते समय न सिर्फ आराम, बल्कि स्टाइल पर भी खास ध्यान देना जरूरी है। इस मौसम में हल्के कपड़े पहनना सबसे अच्छा होता है, क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने और पसीना सोखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही आपको इस दौरान प्रिंटेड कपड़े भी चुनने चाहिए, जो इस मौसम के सार को दर्शाते हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपको गर्मियों में किन-किन प्रिंट वाले कपड़ों को अलमारी का हिस्सा बनाना चाहिए।

**फूलों का प्रिंट :** फूलों का प्रिंट भारतीय महिलाओं के लिए एक शानदार विकल्प है। यह प्रिंट न केवल आपको आकर्षक दिखाता है, बल्कि इसमें रंगों का मेल भी बहुत सुंदर होता है। सूती या हल्के कपड़ों पर फूलों का प्रिंट आपके लुक को खास बना सकता है। इसके अलावा यह प्रिंट गर्मी में खिलने वाले फूलों को कपड़ों के जरिए



दर्शाने का मौका देता है। आप इसे साड़ी, कुर्ता, ड्रेस या फिर लहंगा-चोली में आजमा सकती हैं।

**बोटिक प्रिंट :** बोटिक प्रिंट एक पारंपरिक भारतीय प्रिंट है, जो बहुत सुंदर दिखता है। इस प्रिंट में छोटे-छोटे डिजाइन होते हैं, जो आपके लुक को खास बना सकते हैं। बोटिक प्रिंट की साड़ियां या कुर्ता-पतियाला सेट पहनकर आप अलग ही अंदाज में दिख सकती हैं। यह प्रिंट न केवल पारंपरिक दिखाता है, बल्कि इसमें रंगों का मेल भी बहुत सुंदर होता है। इसके अलावा यह प्रिंट आपको गर्मी से भी राहत देता है और त्वचा को हवा लगने में मदद करता है।

**चेक्स प्रिंट :** चेक्स प्रिंट कभी फैशन से बाहर नहीं होता। यह प्रिंट हर मौसम में चलता है और इसमें रंगों का मेल भी बहुत अच्छा होता है। चेक्स प्रिंट वाली कुर्ती, शर्ट या फिर टॉप पहनकर आप सुंदर दिख सकती है। इस प्रिंट वाले कपड़े खास तौर से ऑफिस जाने वाली महिलाओं द्वारा पहने जाते हैं। इनमें बेहद पेशेवर लुक मिल जाता है और इन्हें कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल भी किया जा सकता है।

**धारियों वाला प्रिंट :** धारियों वाला प्रिंट भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, खासकर जब बात कुर्ता सेट या शर्ट की हो। धारियों वाले कपड़े आपको लंबा और पतला दिखाते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास बनता है। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, जो आपकी पसंद हो। इस तरह के कपड़े न केवल आपको आकर्षक दिखाते हैं, बल्कि इन्हें पहनना भी आरामदायक होता है।

---

**कार्नर न्यूज**

**पारंपरिक कला के साथ आधुनिकता का भी मेल दिखाते हैं**

## गर्मियों के लिए बेहतरीन हैं ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज पारंपरिक कला के साथ-साथ आधुनिकता का मेल

गर्मियों के दौरान भारतीय महिलाओं के लिए सही कपड़े चुनना एक चुनौती हो सकता है। इस मौसम में आरामदायक और स्टाइलिश कपड़े पहनना जरूरी होता है। ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज इस काम को आसान बना सकते हैं। ये न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि पारंपरिक कला के साथ आधुनिकता का भी मेल दिखाते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज गर्मियों में आपके फैशन को बढ़ा सकते हैं।



### पारंपरिक और आधुनिकता का संगम

ब्लॉक प्रिंट भारतीय कला का एक अहम हिस्सा है। इसमें लकड़ी के ब्लॉक का उपयोग करके कपड़ों पर अलग-अलग डिजाइन बनाए जाते हैं। यह प्रक्रिया समय लेने वाली होती है, लेकिन इसका परिणाम बेहद सुंदर होता है। ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज में आधुनिक कला का स्पर्श होता है, जो उन्हें खास बनाता है।

### गर्मियों के लिए आरामदायक कपड़े

गर्मियों में सबसे ज्यादा जरूरी है आरामदायक कपड़े पहनना। ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज आमतौर पर सूती के होते हैं, जो त्वचा को हवा लगने देता है और पसीना सोखता है। इससे आपको ठंडक महसूस होती है और आप पूरे दिन तरोताजा रहते हैं। इसके अलावा ये ब्लाउज हल्के होते हैं, जिन्हें पहनने में कोई बोझ नहीं होता।

### अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध

ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध होते हैं। आप अपनी पसंद और साड़ी या लहंगा के अनुसार इन्हें चुन सकती हैं। फूलों की कारीगरी से लेकर ज्योमेट्रिक पैटर्न तक, इन ब्लाउज में हर प्रकार की डिजाइन उपलब्ध होती है। इससे आप अपने हर परिधान के साथ सही मेल बना सकती हैं और आपका लुक हमेशा खास दिखेगा। इसके अलावा आप अलग-अलग रंगों का उपयोग करके अपने लुक में नयापन ला सकती हैं।

### हर मौके पर उपयुक्त

ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज हर मौके पर पहने जा सकते हैं। चाहे वह शादी-ब्याह हो या त्योहार, ऑफिस हो या पार्टी, इन ब्लाउज में आप हमेशा आकर्षक दिखेंगी। इन्हें अलग-अलग प्रकार के पारंपरिक भारतीय परिधानों जैसे कि लहंगा, साड़ी या सलवार-कमीज आदि के साथ पहना जा सकता है। इस प्रकार ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज न केवल स्टाइलिश, बल्कि आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प भी साबित होते हैं। इनसे आपका फैशन गर्मियों में भी बना रहेगा।

### पर्यावरण के अनुकूल विकल्प

आजकल पर्यावरण की सुरक्षा एक अहम मुद्दा बन चुका है। ब्लॉक प्रिंट वाले कपड़े पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, क्योंकि इनमें रासायनिक रंगों का उपयोग नहीं किया जाता। इन कपड़ों को बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है, जो पर्यावरण के लिए सुरक्षित होते हैं। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि इन कपड़ों की गुणवत्ता भी बढ़ जाती है। इस प्रकार ब्लॉक प्रिंट वाले कपड़े एक बेहतरीन पर्यावरण अनुकूल विकल्प साबित होते हैं।